Series Z1YXW/1

SET ~ 1

प्रश्न-पत्र कोड **4/1/1**

रोल नं.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

# हिन्दी (ब)

# HINDI (B)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 80*

| नोट | |
|---|---|
| (i) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 15 हैं । |
| (ii) | प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें । |
| (iii) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 18 प्रश्न हैं । |
| (iv) | **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।** |
| (v) | इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे । |

**सामान्य निर्देश :**

**निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :**

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल **18** प्रश्न हैं । सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।*

*(ii)* *इस प्रश्न-पत्र में **दो** खंड हैं – **खंड-'अ'** और **खंड-'ब'** ।*

*(iii)* ***खंड-'अ'** में उपप्रश्नों सहित **45** बहुविकल्पी / वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल **40** प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।*

*(iv)* ***खंड-'ब'** में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं ।*

*(v)* *प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए ।*

*(vi)* *यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए ।*

## खंड – 'अ'

### (बहुविकल्पी / वस्तुपरक प्रश्न)

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **5 × 1 = 5**

कम उम्र में स्क्रीन पर अधिक से अधिक समय बिताना बच्चों के लिए बेहद हानिकारक है । अब तक तो टीवी या कंप्यूटर ही था, जिसे माता-पिता या घर के बड़े लोग नियंत्रित कर सकते हैं, मगर मोबाइल, टैब तो हाथ में होता है । उस पर कितना समय बिताया, यह आसानी से पता नहीं चलता । फिर अगर ये पढ़ाई का हिस्सा हो, तब भी कोई रोक-टोक भी कैसे की जा सकती है ? एक वक्त था, जब स्कूलों में बच्चों के मोबाइल ले जाने पर प्रतिबंध था । लेकिन कोरोना महामारी के कारण उपजी परिस्थितियों ने बच्चों और स्मार्ट-फोन की दूरी हटा दी । उन दिनों माता-पिता ऐसी शिकायत करते हुए पाए गए कि आखिर 24 घंटे वे कैसे नज़र रख सकते हैं कि बच्चे क्या देख रहे हैं ? ऐसी रिपोट भी आई हैं कि अपने देश में बच्चे सबसे अधिक फेसबुक का इस्तेमाल करते हैं । गलत वेबसाइटों पर जाकर तथा उसे देखकर कई बच्चे ऐसे-ऐसे अपराध करने लगे हैं जिनके बारे में पहले सुना नहीं जाता था । समय आ गया है कि बच्चों के गैजेट्स इस्तेमाल करने को लेकर एक सुस्पष्ट सलाह के साथ देश में जागरूकता अभियान चलाया जाए । यदि समय के साथ प्रतिस्पर्धा करनी है तो इन्हें नई-नई तकनीक से दूर नहीं किया जा सकता, मगर एक संतुलन भी आवश्यक है ।

(i) गद्यांश में कंप्यूटर की तुलना में मोबाइल को अधिक हानिप्रद क्यों माना गया है ? 1

(a) इसका स्क्रीन छोटा होने के कारण आँखों पर बुरा असर पड़ता है ।

(b) इसका स्क्रीन छोटा होने के कारण इसका रेडियेशन भी अधिक होता है ।

(c) छोटा होने के कारण इस पर बिताए समय का हिसाब नहीं रखा जा सकता ।

(d) छोटा होने के कारण इसके गुम जाने पर इसे खोजना मुश्किल होता है ।

(ii) टैब और मोबाइल पर रोक लगाने में सबसे बड़ी बाधा क्या है ? 1

(a) माता–पिता तथा अभिभावकों का शिक्षित न होना ।

(b) टैब और मोबाइल का पढ़ाई का हिस्सा होना ।

(c) रोक लगाने के उपायों की जानकारी न होना ।

(d) बच्चों का टैब और मोबाइल का आदी होना ।

(iii) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए । उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए ।

**कथन (A) –** गैजेट्स के इस्तेमाल को लेकर एक जागरूकता अभियान आवश्यक है ।

**कारण (R) –** गैजेट्स वर्तमान में शिक्षा–व्यवस्था का एक अहम हिस्सा है । 1

(a) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं ।

(b) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) गलत है ।

(c) कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है ।

(d) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है ।

(iv) उपलब्ध आँकड़ों के अनुसार किस देश के बच्चे सबसे अधिक फेसबुक का इस्तेमाल करते हैं ? 1

(a) जापान (b) चीन

(c) भारत (d) अमेरिका

(v) कोरोना ने छोटे स्क्रीन के उपयोग को किस रूप में प्रभावित किया ? 1

(a) छोटे स्क्रीन का उपयोग कम हो गया ।

(b) छोटे स्क्रीन का उपयोग न्यूनतम हो गया ।

(c) इसका उपयोग बिलकुल अप्रभावित ही रहा ।

(d) इसका उपयोग काफी अधिक बढ़ गया ।

2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **5 × 1 = 5**

पृथ्वी पर लगातार मँडराते खतरे को देखते हुए एक अमेरिकी उद्यमी द्वारा एक इंसानी बीज बैंक को चाँद पर स्थापित करने की तैयारी हो गई है । अगर कभी इस धरती पर इंसान खत्म हो गए तो मानव सभ्यता को फिर शुरू करने में यह बैंक सहायक होगा । एक भी इंसान नहीं बचा, तो फिर बैंक का क्या होगा ? यह भी सोच लिया गया है । उस स्थिति में शायद कभी किसी और ग्रह से जीव या एलियन आएँगे और चाँद पर पहुँचकर उस बैंक के सहारे इंसान जैसी खूबसूरत कृति पुनः निर्मित करेंगे । पृथ्वी पर विनाश की स्थिति में मानव बीज बैंक ही मानव के पुनर्जन्म की संभावना को जीवित रखेगा । ऐसा स्वप्न देखने वाली कंपनी लाइफशिप की स्थापना 2019 में हो गई थी । यह कंपनी लार के रूप में लोगों का डी एन ए चाँद पर भेजने की पेशकश करती है । यह एक तरह से 99 डॉलर में चाँद के लिए एकतरफा टिकट है । चाँद पर आपकी लार मानव बीज बैंक में हमेशा के लिए रह जाएगी । वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देखें तो यह मानव डाटा या मानव अस्तित्व के मूल को हमेशा के लिए संरक्षित करने का काम है । सौरमंडल के विभिन्न हिस्सों में और शायद उससे आगे भी ऐसे किसी बैंक की स्थापना संभव है ।

(i) 'लाइफशिप' मानव बीजों को किस रूप में संरक्षित करने के लिए प्रयासरत है ? **1**

(a) रक्त के रूप में डी एन ए (b) लार के रूप में डी एन ए

(c) बीज के रूप में डी एन ए (d) सेल के रूप में डी एन ए

(ii) भविष्य में मानव अस्तित्व को संरक्षित करना संभव है – **1**

(a) सौरमंडल के दूसरे ग्रहों के प्राणियों से मदद लेकर ।

(b) सौरमंडल के दूसरे ग्रहों के प्राणियों को मदद देकर ।

(c) सौरमंडल को छोड़कर उससे आगे बीज बैंक स्थापित करके ।

(d) सौरमंडल तथा उससे आगे भी बीज बैंक स्थापित करके ।

(iii) मानव मूल को चाँद पर मानव बीज बैंक के रूप में स्थापित करने जैसे प्रयास को क्या माना जा सकता है ? **1**

(a) काल्पनिक (b) वैज्ञानिक

(c) अवैज्ञानिक (d) वैचारिक

(iv) लाइफशिप कंपनी की स्थापना किस उद्देश्य से की गई है ? 1

(a) एलियन्स को धरती पर मानव जैसी सर्वश्रेष्ठ कृति के बारे में बताना परंतु उन्हें पृथ्वी से दूर रखना :

(b) एलियन्स को धरती पर मानव जैसी सर्वश्रेष्ठ कृति के बारे में बताना परंतु उन्हें चाँद पर ही रखना ।

(c) पृथ्वी पर संपूर्ण विनाश की स्थिति में मानव को पुनर्जन्म देने की संभावना को जीवित रखना ।

(d) पृथ्वी पर संपूर्ण विनाश की स्थिति में मानव को चाँद पर जीवित रखने की कोशिश करना ।

(v) निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए : 1

(क) मानव बीज बैंक धरती पर इंसानी सभ्यता के नष्ट होने की स्थिति में उपयोगी होगा ।

(ख) मानव बीज बैंक चाँद पर सामान्य परिस्थितियों में भी सामान्य बैंक की तरह कार्यरत होगा ।

(ग) मानव बीज बैंक की चाँद पर स्थापना करने का विचार सर्वथा अवास्तविक और काल्पनिक है ।

(घ) मानव बीज बैंक की स्थापना नासा द्वारा किया गया एक विशेष अभियान है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा / कौन-से, कथन सही है / सही हैं ?

(a) केवल (क) (b) केवल (ख)

(c) (क) और (ग) (d) (ख) और (घ)

3. 'पदबंध' पर आधारित निम्नलिखित **पाँच** प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : $4 \times 1 = 4$

(i) "उन्होंने <u>छोटी-छोटी खिड़कियों वाला चौबारा</u> किराए पर ले रखा था ।" वाक्य में रेखांकित पदबंध है – 1

(a) विशेषण पदबंध (b) क्रियाविशेषण पदबंध

(c) संज्ञा पदबंध (d) सर्वनाम पदबंध

(ii) "उसने एक तूफ़ानी रात अपनी लहरों पर दौड़ते हुए तीन जहाजों को उठाकर गेंद की तरह तीन दिशाओं में फेंक दिया था ।" 1

(क) जहाजों को उठाकर (ख) लहरों पर दौड़ते हुए

(ग) तीन दिशाओं में (घ) फेंक दिया था ।

उपर्युक्त पदबंधों में से क्रिया पदबंध का उदाहरण है / हैं –

(a) केवल (क) (b) केवल (घ)

(c) (ख) और (घ) (d) (क) और (घ)

(iii) "वे एशिया के सबसे बड़े शोमैन के रूप में स्थापित हो चुके थे ।" – इस वाक्य में क्रिया पदबंध है – 1

(a) एशिया के सबसे बड़े (b) सबसे बड़े शोमैन
(c) के रूप में स्थापित (d) स्थापित हो चुके थे ।

(iv) "महंत की चिकनी-चुपड़ी बातों के भीतर की सच्चाई भी अब वह जान गए थे ।" – रेखांकित पदबंध का प्रकार है – 1

(a) सर्वनाम पदबंध (b) विशेषण पदबंध
(c) क्रियाविशेषण पदबंध (d) संज्ञा पदबंध

(v) "अपने बच्चों को न पाकर वे खामोश और उदास हो गए ।" रेखांकित पदबंध का भेद है – 1

(a) संज्ञा पदबंध (b) सर्वनाम पदबंध
(c) विशेषण पदबंध (d) क्रिया पदबंध

4. रचना की दृष्टि से वाक्य-भेद पर आधारित निम्नलिखित **पाँच** प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्पों को चुनकर लिखिए : **4 × 1 = 4**

(i) 'जब तमाम बच्चे खिलखिलाकर हँस पड़े तो वह शरमा गया।' – रचना के आधार पर वाक्य-भेद बताइए । 1

(a) सरल वाक्य (b) मिश्र वाक्य
(c) संयुक्त वाक्य (d) विधानवाचक वाक्य

(ii) 'मैं उनकी लताड़ सुनकर आँसू बहाने लगता ।' इस वाक्य का मिश्र वाक्य के रूप में रूपांतरित वाक्य है – 1

(a) मैं उनकी लताड़ सुनता और आँसू बहाने लगता ।
(b) उनकी लताड़ के डर से मेरे आँसू बह जाते ।
(c) उनकी लताड़ सुनते ही मैं आँसू बहाने लगता ।
(d) जब मैं उनकी लताड़ सुनता, तब आँसू बहाने लगता ।

(iii) 'रचना की दृष्टि से वाक्य-भेद' विषय के संदर्भ में लिखिए कि निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा कथन असत्य है ? 1

(a) मिश्र वाक्य में एक प्रधान उपवाक्य के साथ आश्रित उपवाक्य भी होते हैं ।
(b) वाक्य रूपांतरण, वाक्य को रचना की दृष्टि से एक रूप से दूसरे रूप में परिवर्तित करना है ।
(c) संयुक्त वाक्यों में उसके प्रत्येक वाक्य का अपना स्वतंत्र अस्तित्व होता है ।
(d) वाक्य का रूप परिवर्तित करते समय उसका अर्थ भी परिवर्तित हो जाता है ।

(iv) निम्नलिखित वाक्यों में से सरल वाक्य नहीं है : 1

(a) ऐसी कई बातें हैं जिनका ज्ञान उन्हें अधिक है ।

(b) मुझे तुम्हारी इस कम-अक्ली पर दुःख होता है ।

(c) भाई साहब अब बहुत कुछ नरम पड़ गए थे ।

(d) सहसा बड़े भाई साहब से मेरी मुठभेड़ हो गई ।

(v) 'मेरे सयाना होने पर मेरी पहली दोस्ती हरिहर काका के साथ हुई ।' यह वाक्य रचना की दृष्टि से है - 1

(a) मिश्र वाक्य (b) सरल वाक्य

(c) संयुक्त वाक्य (d) सामान्य वाक्य

5. 'समास' पर आधारित निम्नलिखित **पाँच** प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्पों को चुनकर लिखिए : **4 × 1 = 4**

(i) 'शिल्पकार' शब्द किस समास का उदाहरण है ? 1

(a) तत्पुरुष समास (b) अव्ययीभाव समास

(c) द्वंद्व समास (d) बहुव्रीहि समास

(ii) किस समास में उत्तर पद प्रधान होता है ? 1

(a) अव्ययीभाव समास (b) द्वंद्व समास

(c) तत्पुरुष समास (d) बहुव्रीहि समास

(iii) 'महाविभूति' समस्त पद का उपयुक्त समास-विग्रह है - 1

(a) महान की विभूति (b) महान है जो विभूति

(c) महान के लिए विभूति (d) महान से विभूति

(iv) बहुव्रीहि समास का उदाहरण है - 1

(a) पुस्तकालय (b) मेखलाकार

(c) जनसंख्या (d) पंचानन

(v) 'दुःख-रात्रि' का सही समास-विग्रह और भेद किस विकल्प में है ? 1

(a) दुःख रूपी रात्रि – कर्मधारय समास

(b) दुःख और रात्रि – द्वंद्व समास

(c) दुःखी समान रात्रि – कर्मधारय समास

(d) दुःख समान रात्रि – तत्पुरुष समास

6. 'मुहावरों' पर आधारित निम्नलिखित **छह** प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए : **4 × 1 = 4**

(i) 'तीर मारना' मुहावरे का उपयुक्त अर्थ है – **1**

(a) बड़ा काम करना (b) तीर से मारना

(c) अच्छा निशाना लगाना (d) निशानेबाज होना

(ii) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए : **1**

(I) हेकड़ी दिखाना – घमंड दिखाना

(II) ठंडा पड़ना – शांत होना

(III) सिर फिरना – अस्वस्थ होना

(IV) बाट जोहना – प्रतीक्षा करना

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/कौन-से युग्म, गलत सुमेलित है/हैं ?

(a) केवल (II) (b) केवल (III)

(c) (I) और (II) (d) (III) और (IV)

(iii) 'अस्तित्व को समाप्त कर देना' अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा कौन-सा है ? **1**

(a) आग-बबूला हो जाना । (b) नामो-निशान मिटा देना

(c) घाव पर नमक छिड़कना । (d) ज़मीन पर पाँव न रखना ।

(iv) 'वह पहले भी कई बार पुलिस की ______ है ।' रिक्त स्थान की पूर्ति उचित मुहावरे से कीजिए । **1**

(a) धमाचौकड़ी मचाना (b) तार-तार करना

(c) सिर पर कफन बाँधना (d) आँखों में धूल झोंकना

(v) 'बेकार वस्तु' के लिए उपयुक्त मुहावरा है – **1**

(a) दूध की मक्खी (b) गिद्ध दृष्टि

(c) मुट्ठी भर (d) लगती बात

(vi) 'मेरे दरजे में आओगे लाला तो ये सारे ______ पड़ेंगे ।'

रिक्त स्थान की पूर्ति उपयुक्त मुहावरे से कीजिए । **1**

(a) पापड़ बेलना (b) पन्ने रंगना

(c) फ़जीहत करना (d) चने चबाना

7. पठित काव्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों को चुनकर लिखिए : **5 × 1 = 5**

खींच दो अपने ख़ूँ से जमीं पर लकीर
इस तरफ आने पाए न रावन कोई
तोड़ दो हाथ अगर हाथ उठने लगे
छू न पाए सीता का दामन कोई
राम भी तुम, तुम्हीं लक्ष्मण साथियो
अब तुम्हारे हवाले वतन साथियो

(i) काव्यांश में 'रावन' किसका प्रतीक है ? **1**

(a) अधर्म के मार्ग पर चलने वाले का
(b) असत्य के मार्ग पर चलने वाले का
(c) भारत के प्रति शत्रुता-भाव रखने वाले का
(d) भारत के प्रति सद्भावना रखने वाले का

(ii) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए । उसके बाद दिए गए विकल्पों में से एक सही विकल्प चुनकर लिखिए : **1**

**कथन (A)** – देश की रक्षा का दायित्व केवल सैनिकों का है ।

**कारण (R)** – देशवासियों को राम-लक्ष्मण के समान राष्ट्र रूपी सीता की रक्षा करनी चाहिए ।

(a) कथन (A) सही है तथा कारण (R) गलत है ।
(b) कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है ।
(c) कथन (A) तथा कारण कारण (R) दोनों गलत हैं ।
(d) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं ।

(iii) 'खींच दो अपने ख़ूँ से जमीं पर लकीर' – का आशय है – **1**

(a) देश के लिए न्योछावर होने का उदाहरण रखना ।
(b) रक्त-रंजित युद्ध में बढ़ चढ़कर भाग लेना ।
(c) रक्त-रंजित युद्ध से बचने का प्रयास करना ।
(d) देश हेतु आत्म बलिदान की जरूरत न होना ।

(iv) 'साथियो' संबोधन से किसे संबोधित नहीं किया गया है ? **1**

(a) देशवासियों को (b) साथी सैनिकों को

(c) भावी सैनिकों को (d) प्रवासियों को

(v) काव्यांश में किसके हाथों को तोड़ने की बात की गई है ? **1**

(a) देश के प्रति गलत मंशा रखने वाले की

(b) देश के प्रति उदार मंशा रखने वाले की

(c) सीता का अपहरण करने वाले व्यक्ति की

(d) सीता को अपमानित करने वाले व्यक्ति की

8. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर देने के लिए उचित विकल्पों को चुनकर लिखिए : **2 × 1 = 2**

(i) निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए : **1**

(क) हमारे पूर्वजों ने तोप जैसी अत्याचारी सत्ता को निस्तेज कर उखाड़ फेंका था ।

(ख) हमें सदा सजग–सतर्क रहना चाहिए ताकि तोप जैसी ताकतें पुनः अपना पैर न जमाएँ ।

(ग) विरासत से प्राप्त चीजें हमें सिर्फ अतीत की उपलब्धियों से परिचित कराती हैं ।

(घ) बीता समय कभी नहीं लौटता इसलिए हमें विरासत पर ध्यान नहीं देना चाहिए ।

उपर्युक्त कथनों में से सही कथन बताने के लिए दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प का चयन कीजिए :

(a) (क) और (ख) (b) (ख) और (ग)

(c) (ग) और (घ) (d) (क) और (घ)

(ii) 'आत्मत्राण' कविता में कवि ईश्वर से क्या चाहता है ? **1**

(a) सुख के क्षणों में परमात्मा की याद

(b) दुःख के क्षणों में एक सच्चा साथी

(c) जीवन में दुःख के क्षणों का अभाव

(d) जीवन में सुख के क्षणों का अभाव

9. पठित गद्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों को चुनकर लिखिए : **5 × 1 = 5**

वामीरो घर पहुँचकर भीतर ही भीतर कुछ बेचैनी महसूस करने लगी । उसके भीतर तताँरा से मुक्त होने की एक झूठी छटपटाहट थी । एक झल्लाहट में उसने दरवाज़ा बंद किया और मन को किसी और दिशा में ले जाने का प्रयास किया । बार-बार तताँरा का याचना भरा चेहरा उसकी आँखों में तैर जाता । उसने तताँरा के बारे में कई कहानियाँ सुन रखी थीं । उसकी कल्पना में वह एक अद्भुत साहसी युवक था । किंतु वही तताँरा उसके सम्मुख एक अलग रूप में आया । सुंदर, बलिष्ठ किंतु बेहद शांत, सभ्य और भोला । उसका व्यक्तित्व कदाचित वैसा ही था जैसा वह अपने जीवन-साथी के बारे में सोचती रही थी । किंतु एक दूसरे गाँव के युवक के साथ यह संबंध परंपरा के विरुद्ध था । अतएव उसने उसे भूल जाना ही श्रेयस्कर समझा । किंतु यह असंभव जान पड़ा । तताँरा बार-बार उसकी आँखों के सामने था । निर्निमेष याचक की तरह प्रतीक्षा में डूबा हुआ ।

(i) गद्यांश में आए 'झल्लाहट' शब्द का आशय है – **1**

(a) तताँरा के प्रति प्रेम-प्रदर्शन का उल्लास

(b) तताँरा से छुटकारा पाने की व्याकुलता

(c) तताँरा के गीत सुनाने संबंधी आग्रह की खीझ

(d) तताँरा से मिलने के उत्साह का क्षोभ

(ii) वामीरो अपने मन को किसी अन्य दिशा में ले जाने का प्रयास क्यों कर रही थी ? **1**

(a) तताँरा का व्यक्तित्व उसे लुभा रहा था ।

(b) तताँरा के प्रति प्रेम से वह व्याकुल हो रही थी ।

(c) तताँरा को वह गीत नहीं सुनाना चाहती थी ।

(d) तताँरा के साथ वह संबंध नहीं बनाना चाहती थी ।

(iii) तताँरा का व्यक्तित्व वामीरो के लिए था **1**

(a) प्रतिकूल (b) मनोनुकूल

(c) कष्टदायक (d) अशांतिदायक

(iv) गद्‌यांश के अनुसार कौन–सा संबंध परंपरा के विरुद्ध माना गया है ? 1

(a) दूर के गाँव में वर–कन्या का वैवाहिक संबंध

(b) एक कुल के वर और कन्या का आपसी संबंध

(c) दूसरे गाँव के वर और कन्या का वैवाहिक संबंध

(d) एक गाँव के ही वर और कन्या का वैवाहिक संबंध

(v) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए । उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए : 1

**कथन (A) :** वामीरो ने तताँरा को भूल जाना ही श्रेयस्कर समझा ।

**कारण (R) :** वह बेहद शांत, सभ्य और भोला था ।

(a) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं ।

(b) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) गलत है ।

(c) कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है ।

(d) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है ।

10. पठित गद्‌य पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर उचित विकल्प चुनकर दीजिए : **$2 \times 1 = 2$**

(i) 'तीसरी कसम के शिल्पकार शैलेंद्र' पाठ के आधार पर लिखिए कि भारतीय फिल्मों की सबसे बड़ी कमजोरी क्या है ? 1

(a) लोक तत्त्व का अभाव

(b) लोक कला का अभाव

(c) लोक संगीत का अभाव

(d) लोक कल्याण का अभाव

(ii) 'झेन की देन' पाठ के संदर्भ में लिखिए कि मनोरुग्णता से बचाव कैसे किया जा सकता है ? **1**

(a) अमेरिका जैसे देशों से प्रतिस्पर्धा-भावना का त्याग करके ।

(b) अमेरिका जैसे देशों से प्रतिस्पर्धा में आगे निकल कर ।

(c) अतीत और भविष्य की चिंता छोड़ वर्तमान में जी कर ।

(d) वर्तमान की चिंता त्याग अतीत और भविष्य में जी कर ।

## खंड – 'ब'

### (वर्णनात्मक प्रश्न)

11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **60** शब्दों में लिखिए : $2 \times 3 = 6$

(क) 'अब कहाँ दूसरों के दुःख से दुःखी होने वाले' पाठ के आधार पर लिखिए कि लेखक की माँ द्वारा उन्हें समय-समय पर क्या निर्देश दिए जाते थे ? उन निर्देशों के माध्यम से पाठकों को क्या सीख दी गई है ?

(ख) 'तताँरा-वामीरो कथा' के आधार पर लिखिए कि 'पशु पर्व' में तताँरा के क्रोधित होने का क्या कारण था ?

(ग) खेलों में रुचि होते हुए भी बड़े भाई साहब अपने शौक को पूरा क्यों नहीं कर पाते थे ?

12. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **60** शब्दों में लिखिए : $2 \times 3 = 6$

(क) 'साखी' पाठ के आधार पर 'घर' की प्रतीकात्मकता स्पष्ट करते हुए लिखिए कि कबीर अपने बताए मार्ग पर चलने वालों का घर क्यों जलाना चाहते हैं ?

(ख) 'हैं झाँक रहे नीरव नभ पर' 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता से ली गई पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए ।

(ग) 'मनुष्यता' कविता के संदर्भ में लिखिए कि उदार लोगों के प्रति संसार कैसा आचरण करता है ?

13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **60** शब्दों में लिखिए : **2 × 3 = 6**

(क) 'हरिहर काका' कहानी की पृष्ठभूमि ग्रामीण जीवन पर आधारित है, जिसमें पारिवारिक संबंधों के निःस्वार्थ प्रेम के स्थान पर बढ़ती स्वार्थ-लिप्सा को दर्शाया गया है । क्या यह कहानी शहरी जीवन के यथार्थ को भी उजागर करती है ? तर्क सहित स्पष्ट कीजिए ।

(ख) 'सपनों के-से दिन' पाठ में वर्णित 'ओमा' जैसा व्यक्तित्व कभी भी अनुकरणीय क्यों नहीं हो सकता ?

(ग) इफ़्फ़न का अपनी दादी से विशेष लगाव होने के क्या कारण थे ? 'टोपी शुक्ला' कहानी के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

14. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग **100** शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : **1 × 5 = 5**

(क) पार्क में खेलते बच्चे

संकेत बिंदु – • पार्क की शोभा, • बच्चों द्वारा खेले जाने वाले खेलों का प्रारूप, • बच्चों का उत्साह, • उमंग और प्रसन्नता, • उपस्थित लोगों की प्रतिक्रिया

(ख) बड़े मॉल : रोजगार के नवीन अवसर

संकेत-बिंदु – • क्या है ? • अलग कैसे ?, • सकारात्मक-नकारात्मक प्रभाव, • सुझाव

(ग) नारी सशक्तिकरण : सुदृढ़ समाज का आधार

संकेत-बिंदु – • क्या है ? • क्यों ? • बाधाएँ • सुझाव

15. (क) आप ललितपुर निवासी मानव/ मानवी हैं । अपने क्षेत्र की सड़कों के खराब रख-रखाव से होने वाली असुविधाओं के बारे में बताते हुए नगर निगम अधिकारी को लगभग **100** शब्दों में एक पत्र लिखिए । **1 × 5 = 5**

**अथवा**

(ख) आप प्रयाग निवासी रीतेश मुखर्जी / रीता मुखर्जी हैं । आपका फेसबुक अकाउंट हैक हो गया है और उसका दुरुपयोग किया जा रहा है । इसकी शिकायत करते हुए अपने क्षेत्र के साइबर सेल को लगभग **100** शब्दों में पत्र लिखिए ।

16. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग 80 शब्दों में सूचना लिखिए : **1 × 4 = 4**

(क) आप सुनील शर्मा / सुनीता शर्मा हैं और बाल विकास विद्यालय के विद्यार्थी सचिव हैं । विजय दिवस के अवसर पर विद्यालय में होने वाली अंतरविद्यालयी निबंध प्रतियोगिता की जानकारी देते हुए लगभग 80 शब्दों में सूचना तैयार कीजिए ।

**अथवा**

(ख) आप निवासी कल्याण संघ के / की अध्यक्ष / अध्यक्षा अमृत कौशल / अमृता रानी हैं । सोसायटी में आयोजित होने वाले दिवाली मेले की जानकारी देते हुए लगभग 80 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए ।

17. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग 60 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए : **1 × 3 = 3**

(क) 'कचरा प्रबंधन' के प्रति आम लोगों में जागरूकता लाने के लिए पर्यावरण मंत्रालय के लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए ।

**अथवा**

(ख) 'सोलर कूकर' बनाने वाली कंपनी 'सूर्यरश्मि' के प्रचार–प्रसार के लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए ।

18. (क) 'संगति का फल' शीर्षक विषय पर लगभग 100 शब्दों में एक लघुकथा लिखिए । **1 × 5 = 5**

**अथवा**

(ख) आप रोहन दास / रोहिणी दास हैं । 'अ.ब.स.' पुस्तक भंडार के प्रबंधक महोदय को अपने घर के पते पर पुस्तकें मँगवाने हेतु पुस्तक भंडार के ई–मेल पते पर लगभग 100 शब्दों में ई–मेल लिखिए ।

---

**Series Z1YXW/2**

**SET ~ 1**

**प्रश्न-पत्र कोड 4/2/1**

रोल नं.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

*

# हिन्दी (ब)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 80*

**नोट :**

(i) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **19** हैं ।

(ii) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।

(iii) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **18** प्रश्न हैं ।

(iv) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**

(v) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :*

*(i) इस प्रश्न-पत्र में कुल **18** प्रश्न हैं । सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।*

*(ii) इस प्रश्न-पत्र में **दो** खण्ड हैं – **खण्ड अ** और **खण्ड ब** ।*

*(iii) **खण्ड अ** में उपप्रश्नों सहित **45** बहुविकल्पी/वस्तुपरक उपप्रश्न पूछे गए हैं । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 उपप्रश्नों के उत्तर लिखिए ।*

*(iv) **खण्ड ब** में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं ।*

*(v) प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए ।*

*(vi) यथासंभव दोनों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए ।*

## खण्ड अ
## (बहुविकल्पी/वस्तुपरक प्रश्न)

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

पृथ्वी पर लगातार ख़तरे मँडराते रहते हैं । हर साल हज़ारों की संख्या में उल्का पिंड पृथ्वी की ओर आते हैं । और इनसे कभी-कभी वैज्ञानिकों को भी ख़तरा महसूस होने लगता है । उल्का से पैदा ख़तरे से निबटने के लिए वैज्ञानिक तरीके भी खोजते रहे हैं । नासा की सोच रही है कि क्या परमाणु हथियारों के दम पर किसी ख़तरनाक उल्का पिंड को पृथ्वी से टकराने से पहले ही नष्ट किया जा सकता है ? क्या उल्का पिंड की दिशा को रॉकेट बूस्टर इत्यादि से मोड़ा जा सकता है ? अभी इन दोनों ही उपायों पर ज्यादा काम नहीं हुआ है । लेकिन वैज्ञानिकों को यह भी लगता है कि कभी कोई ज्यादा ही ख़तरनाक उल्का पिंड पृथ्वी से टकराया तो क्या होगा ? पृथ्वी के इंसान अगर ख़त्म हो गए तो क्या होगा ? एक समाधान एक अमेरिकी उद्यमी की ओर से आया है, जो काफी रोचक है । बेन हल्डमैन नामक उद्यमी 'लाइफशिप' नामक एक स्टार्टअप के संस्थापक हैं, जिनका सिर्फ एक ही अभियान है — मानव बीज बैंक बनाना । दूसरे शब्दों में कहें तो इस बैंक में मानव डीएनए को संरक्षित किया जाएगा । यह बैंक चाँद पर स्थापित होगा । अगर इस धरती पर इंसान ख़त्म हो गए, तो मानव सभ्यता को फिर शुरू करने में यह बैंक सहायक होगा ।

(i) मानव बीज बैंक में किसे संरक्षित किए जाने की योजना है ?

(a) मानव डीएनए को

(b) मानव कोशिका को

(c) मानव रक्त को

(d) मानव सभ्यता को

(ii) बेन हल्डमैन की भविष्य में इंसानों को बचाने के क्षेत्र में किए जाने वाले प्रयास को क्या कहा जा सकता है ?

(a) रोचक और विचारणीय

(b) अरोचक और विचारणीय

(c) रोचक और अविचारणीय

(d) अरोचक और अविचारणीय

(iii) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए । उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए ।

*कथन (A) :* प्रत्येक वर्ष हज़ारों की संख्या में पृथ्वी की ओर आते उल्का पिंडों को वैज्ञानिक ख़तरा मानते हैं ।

*कारण (R) :* पृथ्वी की ओर आने वाले उल्का पिंडों को परमाण्विक हथियारों से सफलतापूर्वक पूरी तरह नष्ट किया जा सकता है ।

(a) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों ग़लत हैं ।

(b) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) ग़लत है ।

(c) कथन (A) ग़लत है, लेकिन कारण (R) सही है ।

(d) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है ।

(iv) मानव बीज बैंक को कहाँ स्थापित किए जाने की योजना है ?

(a) नासा में

(b) पृथ्वी पर

(c) मंगल पर

(d) चाँद पर

(v) गद्यांश के आधार पर वैज्ञानिकों के चिंतन का कारण इनमें से क्या ***नहीं*** है ?

(a) उल्का पिंड का पृथ्वी से टकराना

(b) पृथ्वी के इंसान विहीन हो जाने की स्थिति

(c) उल्का पिंड को पृथ्वी से टकराने से पहले नष्ट करना

(d) परमाणु हथियार के प्रयोग से होने वाले दुष्प्रभाव रोकना

**2.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

देश के एक प्रसिद्ध आयुर्विज्ञान संस्थान के बाल रोग विभाग ने 660 बच्चों का दो साल तक गहन अध्ययन किया है । इस अध्ययन में पाँच साल तक के बच्चों को शामिल किया गया था । पता चला कि ये बच्चे एक घंटा से भी अधिक समय मोबाइल पर बिताते हैं । मोबाइल और टीवी का कुल समय पाँच घंटे निकला । यही नहीं, इनके माता-पिता भी लगभग साढ़े छह घंटे विभिन्न गैजेट्स पर बिताते हैं । इसी अध्ययन में यह भी पाया गया कि 60 प्रतिशत बच्चे सोने से पहले इन उपकरणों के इस्तेमाल के आदी हो चले हैं । यह भी एक तरह का नशा ही है, जिस पर अगर समय रहते ध्यान न दिया गया तो यह आदत आने वाली पीढ़ियों के लिए भारी मुसीबत बन सकती है । विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्पष्ट सलाह है कि दो साल तक के बच्चों के हाथों में गैजेट्स या इलैक्ट्रॉनिक उपकरण नहीं देने चाहिए । यहाँ तक कि पाँच साल की उम्र में भी इनका 'स्क्रीन टाइम' एक घंटे से अधिक नहीं होना चाहिए । लेकिन संपन्न होते घरों में यह देखने को मिलता है कि इसे वे अपनी हैसियत से जोड़ने लगे हैं । ऐसा करते हुए वे भूल जाते हैं कि वे अपने बच्चों का आज ही नहीं, भविष्य भी बिगाड़ रहे हैं ।

(i) निम्नलिखित में से किस कथन को गद्यांश की सीख के आधार के रूप में कहा जा सकता है ?

(a) इलैक्ट्रॉनिक उपकरणों का प्रयोग नहीं करना चाहिए ।

(b) इलैक्ट्रॉनिक उपकरणों का सीमित उपयोग करना चाहिए ।

(c) इलैक्ट्रॉनिक उपकरणों को हैसियत से नहीं जोड़ना चाहिए ।

(d) इलैक्ट्रॉनिक उपकरणों का आदी नहीं होना चाहिए ।

(ii) माता-पिता की कौन-सी प्रवृत्ति उनके बच्चों के लिए अनुचित है ?

(a) उनका बहुत अधिक साधन-संपन्न होना ।

(b) उनका बहुत अधिक शिक्षा संपन्न होना ।

(c) गैजेट्स को अपनी हैसियत से जोड़ना ।

(d) हैसियत के अनुरूप गैजेट्स न खरीदना ।

(iii) निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

(क) सोने से पूर्व गैजेट्स के उपयोग से अच्छी नींद आती है ।

(ख) आजकल के अभिभावक गैजेट्स को अपनी हैसियत का आधार मानते हैं ।

(ग) वर्तमान में गैजेट्स का उपयोग एक नशे के समान हो गया है ।

(घ) गैजेट्स का अनियंत्रित इस्तेमाल बच्चों के भविष्य के लिए हानिकारक है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से कथन गद्यांश के आधार पर सही हैं ?

(a) (क) और (घ)

(b) (ख) और (ग)

(c) (क), (ख) और (ग)

(d) (ख), (ग) और (घ)

(iv) गद्यांश के आधार पर छोटे बच्चों के हाथों में इलैक्ट्रॉनिक उपकरण दिए जाने का कारण है :

(a) बच्चों की जिद्द

(b) समय की माँग

(c) संपन्नता का दिखावा

(d) बच्चों के लिए समय का अभाव

(v) 'स्क्रीन टाइम' से क्या आशय है ?

(a) सिर्फ मोबाइल पर बिताया गया समय

(b) सिर्फ टीवी पर बिताया गया समय

(c) सिर्फ लैपटॉप पर बिताया गया समय

(d) उपर्युक्त तीनों पर बिताया गया समय

**3.** निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *4×1=4*

(i) "सातवीं-आठवीं के कुछ विद्यार्थी हमें उनके बारे में बताया करते थे ।" — रेखांकित पदबंध है :

(a) संज्ञा पदबंध

(b) सर्वनाम पदबंध

(c) विशेषण पदबंध

(d) क्रिया-विशेषण पदबंध

(ii) "बड़े-बड़े बिल्डर कई सालों से समंदर को पीछे ढकेलकर उसकी ज़मीन को हथिया रहे थे ।"

(क) बड़े-बड़े बिल्डर

(ख) पीछे ढकेलकर

(ग) उसकी ज़मीन को

(घ) हथिया रहे थे

उपर्युक्त पदबंधों में से क्रिया-विशेषण पदबंध का/के उदाहरण है/हैं :

(a) केवल (ग)

(b) केवल (ख)

(c) (ख) और (घ)

(d) (क) और (ग)

(iii) "वह महिमामय व्यक्तित्व पूरी तरह उसकी आत्मा में उतर चुका है ।" — इस वाक्य में क्रिया पदबंध है :

(a) वह महिमामय व्यक्तित्व

(b) पूरी तरह उसकी

(c) उसकी आत्मा में

(d) उतर चुका है

(iv) "मास्टर प्रीतम चंद का दुबला-पतला गठीला शरीर था ।" — वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद है :

(a) सर्वनाम पदबंध

(b) संज्ञा पदबंध

(c) विशेषण पदबंध

(d) क्रिया-विशेषण पदबंध

(v) "दूसरों की सहायता करने वाले आप महान हैं ।" — इस वाक्य में रेखांकित पदबंध का उपयुक्त भेद है :

(a) संज्ञा पदबंध

(b) सर्वनाम पदबंध

(c) क्रिया पदबंध

(d) विशेषण पदबंध

**4.** निर्देशानुसार 'रचना की दृष्टि से वाक्य-भेद' पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *4×1=4*

(i) "जब वह पहली बार इस शहर में आया था तो वह भी बिलकुल बच्चा था ।" — रचना के आधार पर वाक्य-भेद बताइए ।

(a) सरल वाक्य

(b) संयुक्त वाक्य

(c) मिश्र वाक्य

(d) विधानवाचक वाक्य

(ii) "मैं प्रातःकाल नाश्ता करके पढ़ने बैठ जाता हूँ ।" — इस वाक्य का मिश्र वाक्य के रूप में रूपांतरित वाक्य है :

(a) प्रातःकाल नाश्ता करने के बाद मैं पढ़ने बैठ जाता हूँ ।

(b) मैं प्रातःकाल नाश्ता करता और पढ़ने बैठ जाता हूँ ।

(c) जब मैं प्रातःकाल नाश्ता कर लेता तब पढ़ने बैठ जाता हूँ ।

(d) मैं प्रातःकाल नाश्ता करने के बाद ही पढ़ने बैठ जाता हूँ ।

(iii) 'रचना के आधार पर वाक्य-भेद' पर आधारित विषय के संदर्भ में लिखिए कि निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ।

(a) वाक्य संरचना की दृष्टि से वाक्य के मुख्य तीन भेद होते हैं ।

(b) वाक्य संरचना की दृष्टि से वाक्य के मुख्य आठ भेद होते हैं ।

(c) संयुक्त वाक्यों में उसके प्रत्येक वाक्य एक-दूसरे पर आश्रित होते हैं ।

(d) वाक्य का रूप परिवर्तित करते समय उसका अर्थ भी परिवर्तित होना चाहिए ।

(iv) निम्नलिखित वाक्यों में सरल वाक्य ***नहीं*** है :

(a) उन्होंने डोर पकड़ ली और होस्टल की तरफ दौड़े ।

(b) हम और तुम इसके बारे में कुछ नहीं जानते ।

(c) बड़े-बड़े विद्वान भी उनकी मातहती में काम करते हैं ।

(d) लोग आठवीं पास करके नायब तहसीलदार हो जाते थे ।

(v) "हरिहर काका के प्रति मेरी आसक्ति के अनेक व्यावहारिक और वैचारिक कारण हैं ।"
— रचना की दृष्टि से वाक्य-भेद लिखिए :

(a) मिश्र वाक्य

(b) सरल वाक्य

(c) संयुक्त वाक्य

(d) सामान्य वाक्य

**5.** 'समास' पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *4×1=4*

(i) 'रचनाकार' शब्द किस समास का उदाहरण है ?

(a) तत्पुरुष समास

(b) अव्ययीभाव समास

(c) द्वंद्व समास

(d) बहुव्रीहि समास

(ii) किस समास में उत्तर पद प्रधान होता है ?

(a) द्वंद्व समास

(b) बहुव्रीहि समास

(c) तत्पुरुष समास

(d) अव्ययीभाव समास

(iii) 'देहावसान' का उपयुक्त समास विग्रह है :

(a) देह और अवसान

(b) देह रूपी अवसान

(c) देह का अवसान

(d) देह के लिए अवसान

(iv) बहुव्रीहि समास का सही उदाहरण है :

(a) आकाशवाणी

(b) चक्रपाणि

(c) रचनाकार

(d) शांतिप्रिय

(v) निम्नलिखित में 'दुःख-ताप' समस्तपद का सही समास विग्रह और भेद किस विकल्प में है ?

(a) दुःख रूपी ताप — कर्मधारय समास

(b) दुःख समान ताप — कर्मधारय समास

(c) ताप समान दुःख — कर्मधारय समास

(d) दुःख से ताप — तत्पुरुष समास

**6.** निर्देशानुसार 'मुहावरे' पर आधारित छह बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *4×1=4*

(i) 'ज़हर लगना' मुहावरे का उपयुक्त अर्थ है :

(a) बहुत बुरा लगना

(b) बहुत कड़वा लगना

(c) बहुत विषैला होना

(d) विष का असर होना

(ii) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

(क) हाथ लगना — छू/स्पर्श हो जाना

(ख) हाथ से निकलना — छूटकर गिर जाना

(ग) हाथों में लेना — ज़िम्मेदारी लेना

(घ) हाथों-हाथ लेना — आवभगत करना

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-से सही, सुमेलित युग्म हैं ?

(a) केवल (क)

(b) केवल (ख)

(c) (ग) और (घ)

(d) (ख) और (घ)

(iii) निम्नलिखित में से 'धोखा देना' अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा पहचान कर लिखिए :

(a) आँखों में आँसू आना

(b) आँखों में धूल झोंकना

(c) अंधे के हाथ बटेर लगना

(d) घर से बेघर करना

(iv) "छोटे भाई की लापरवाही देखकर बड़े भाई साहब ने उसे ________ ।" नीचे दिए गए मुहावरों में से उचित मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए ।

(a) हाथों-हाथ लेना

(b) सीधे हाथ लेना

(c) सिर-माथे लेना

(d) आड़े हाथों लेना

(v) 'दबदबा होना' अर्थ के लिए निम्नलिखित मुहावरों में से उपयुक्त मुहावरा है :

(a) हेकड़ी जताना

(b) खाल खींचना

(c) चमड़ी उधेड़ना

(d) तूती बोलना

(vi) "मेरे दरजे में आओगे तो ________ जाएगा ।" रिक्त स्थान की पूर्ति नीचे दिए गए उपयुक्त मुहावरे से कीजिए ।

(a) किस्सा ख़त्म होना

(b) काम तमाम होना

(c) गाँठ बाँध लेना

(d) दाँतों पसीना आना

**7.** पठित काव्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

राह कुर्बानियों की न वीरान हो
तुम सजाते ही रहना नए काफ़िले
फ़तह का जश्न इस जश्न के बाद है
ज़िंदगी मौत से मिल रही है गले
बाँध लो अपने सर से कफ़न साथियो
अब तुम्हारे हवाले वतन साथियो ।

(i) सैनिकों की देशवासियों से क्या अपेक्षा है ?

(a) देश की सुरक्षा की

(b) देश के उत्थान की

(c) देश के विस्तार की

(d) देश के विकास की

(ii) निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए :

(क) सैनिक सर पर कफ़न बाँधने की बात करते हैं क्योंकि उनके जीवन का अंत निकट है ।

(ख) सैनिक सर पर कफ़न बाँधने की बात करते हैं क्योंकि वे अत्यंत घायल अवस्था में हैं ।

(ग) सैनिक सर से कफ़न बाँधने की बात करते हैं क्योंकि देशहित में मृत्यु का भी सामना करना पड़ सकता है ।

(घ) सैनिक सर से कफ़न बाँधने की बात करते हैं क्योंकि युद्ध के दौरान ऐसा करने की एक प्राचीन परंपरा है ।

पद्यांश से मेल खाते हुए उपर्युक्त कथन/कथनों के लिए नीचे दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प का चयन कीजिए :

(a) केवल (ख)

(b) केवल (ग)

(c) (क) और (ख)

(d) (ग) और (घ)

(iii) कवि किस काफ़िले को सजाने की बात कह रहा है ?

(a) सीमा पर रसद पहुँचाने वाले काफ़िले को

(b) सीमा पर भोजन पहुँचाने वाले काफ़िले को

(c) देश की सीमा पर तैनात सैनिकों के काफ़िले को

(d) देश की रक्षा हेतु तत्पर सैनिकों के काफ़िले को

(iv) पद्यांश में 'कट गए सर हमारे' में 'हमारे' संबोधन का प्रयोग किसके लिए हुआ है ?

(a) देश की रक्षा हेतु कुर्बान होते सैनिकों के लिए

(b) देश की रक्षा हेतु घायल होते सैनिकों के लिए

(c) देश की सीमाओं पर पहरा देते सैनिकों के लिए

(d) देश के उत्तरी क्षेत्रों में तैनात सैनिकों के लिए

(v) 'राह कुर्बानियों की न वीरान हो' पंक्ति में किस 'राह' की बात की गई है ?

(a) मातृभूमि की रक्षा हेतु अहिंसा की राह

(b) मातृभूमि की रक्षा हेतु बलिदान की राह

(c) दुश्मनों से अहिंसात्मक बदला लेने की राह

(d) दुश्मनों से शांतिपूर्ण समझौता करने की राह

**8.** पठित पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए : *2×1=2*

(i) तोप पर बैठी चिड़ियाँ हमें क्या संदेश देती है ?

(a) जीवन नश्वर और क्षणभंगुर है

(b) बाहरी आक्रांताओं से सावधान रहना चाहिए

(c) विरासत में मिली चीज़ों को सँभालकर रखना चाहिए

(d) अत्याचारी का अंत एक न एक दिन अवश्यंभावी है

(ii) निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए :

(क) विपदा के समय ईश्वर अपने भक्तों की स्वयं ही सहायता करते हैं ।

(ख) कवि ईश्वर से अपने कर्मों के सकारात्मक परिणाम की अपेक्षा रखते हैं ।

(ग) विपरीत परिस्थितियों में आत्मबल और पुरुषार्थ का साथ नहीं छोड़ना चाहिए ।

(घ) विपरीत परिस्थितियों में ईश्वर के अस्तित्व पर संदेह नहीं करना चाहिए ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से कथन 'आत्मत्राण' कविता से प्राप्त संदेश को दर्शाते हैं ?

(a) (क) और (ख)

(b) (ख) और (ग)

(c) (ग) और (घ)

(d) (क) और (घ)

**9.** पठित गद्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

बड़े बाज़ार के प्रायः मकानों पर राष्ट्रीय झंडा फहरा रहा था और कई मकान तो ऐसे सजाए गए थे कि ऐसा मालूम होता था कि मानो स्वतंत्रता मिल गई हो । कलकत्ते के प्रत्येक भाग में ही झंडे लगाए गए थे । जिस रास्ते से मनुष्य जाते थे, उसी रास्ते में उत्साह और नवीनता मालूम होती थी । लोगों का कहना था कि ऐसी सजावट पहले नहीं हुई । पुलिस भी अपनी पूरी ताकत से शहर में गश्त देकर प्रदर्शन कर रही थी । मोटर लारियों में गोरखे तथा सारजेंट प्रत्येक मोड़ पर तैनात थे । कितनी ही लारियाँ शहर में घुमाई जा रही थीं । घुड़सवारों का प्रबंध था । कहीं भी ट्रैफिक पुलिस नहीं थी, सारी पुलिस को इसी काम में लगाया गया था । बड़े-बड़े पार्कों तथा मैदानों को पुलिस ने सवेरे से ही घेर लिया था । मोनुमेंट के नीचे जहाँ शाम को सभा होने वाली थी उस जगह को तो भोर में छह बजे से ही पुलिस ने बड़ी संख्या में घेर लिया था ।

(i) घुड़सवारों का प्रबंध किसकी ओर से किया गया था ?

- (a) पुलिस प्रशासन
- (b) कांग्रेस कौंसिल
- (c) स्थानीय समिति
- (d) केन्द्र सरकार

(ii) बड़े बाज़ार के मकानों को सजाने और उन पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने का क्या कारण था ?

- (a) स्वतंत्रता प्राप्ति की खुशी मनाना
- (b) स्वतंत्रता दिवस की वर्षगाँठ मनाना
- (c) लोगों में उत्साह और नवीनता का संचार करना
- (d) लोगों में देशभक्ति की भावना का संचार करना

(iii) शहर में कहीं भी ट्रैफ़िक पुलिस क्यों नहीं थी ?

- (a) ट्रैफ़िक पुलिस गश्त के काम में लगी थी ।
- (b) उस दिन शहर में कोई ट्रैफ़िक नहीं था ।
- (c) ट्रैफ़िक पुलिस आज़ादी का उत्सव मना रही थी ।
- (d) ट्रैफ़िक पुलिस को निरस्त कर दिया गया था ।

(iv) शहर के प्रत्येक मोड़ पर मोटर लारियों में गोरखे तथा सारजेंट क्यों तैनात थे ?

(a) कार्यक्रम के दौरान होने वाली हिंसा को रोकने के लिए

(b) सरकारी आदेशानुसार कर्तव्य का निर्वाह करने के लिए

(c) शाम को होने वाली सभा का प्रबंध करने के लिए

(d) शाम को होने वाली सभा में सम्मिलित होने के लिए

(v) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए । उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए ।

*कथन (A) :* पुलिस ने बड़ी संख्या में पार्कों तथा मैदानों को घेर लिया था ।

*कारण (R) :* पुलिस अपनी पूरी ताकत से शहर में गश्त देकर प्रदर्शन कर रही थी ।

(a) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों ग़लत हैं ।

(b) कथन (A) ग़लत है, लेकिन कारण (R) सही है ।

(c) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी ग़लत व्याख्या करता है ।

(d) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है ।

**10.** पठित गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *2×1=2*

(i) 'तीसरी कसम' फ़िल्म निर्माण के पीछे शैलेन्द्र का क्या उद्देश्य था ?

(a) आत्म संतुष्टि के सुख की कामना

(b) अपार संपत्ति के सुख की कामना

(c) अपार यश के सुख की कामना

(d) साहित्य संरक्षण के सुख की कामना

(ii) 'झेन की देन' पाठ से हमें क्या सीख मिलती है ?

(a) हमें अपने से बड़े देशों से कभी प्रतिस्पर्धा नहीं करनी चाहिए ।

(b) हमें सिर्फ अपने से छोटे देशों से ही प्रतिस्पर्धा रखनी चाहिए ।

(c) हमें वर्तमान से अधिक अतीत और भविष्य की चिंता करनी चाहिए ।

(d) हमें अतीत और भविष्य की चिंता त्याग कर वर्तमान में जीना चाहिए ।

## खण्ड ब

## (वर्णनात्मक प्रश्न)

**11.** गद्य पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए : *2×3=6*

(क) 'अब कहाँ दूसरों के दुख से दुखी होने वाले' पाठ में लेखक की माँ उन्हें प्रकृति का ख्याल रखने के बारे में क्या-क्या बताती थीं ? इनके माध्यम से वह लेखक में किन जीवन-मूल्यों का विकास करना चाहती थी ?

(ख) 'तताँरा-वामीरो कथा' का नायक अपने क्रोध का शमन करने के लिए तलवार को धरती में घोंप उसे दूर तक ले जाता है । आप अपने निजी जीवन में क्रोध का शमन करने के लिए क्या-क्या करते हैं ?

(ग) 'तीसरी कसम के शिल्पकार शैलेंद्र' पाठ से लिए गए कथन — "ऐसा नहीं कि शैलेंद्र बीस सालों तक फ़िल्म इंडस्ट्री में रहते हुए भी वहाँ के तौर-तरीकों से नावाकिफ़ थे, परंतु उनमें उलझकर वे अपनी आदमियत नहीं खो सके थे ।" — के संदर्भ में शैलेंद्र की विशेषताएँ लिखिए ।

**12.** पद्य पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए : *2×3=6*

(क) 'सुखिया सब संसार है, खायै अरु सोवै । दुखिया दास कबीर है, जागै अरु रौवै ।'

— साखी के संदर्भ में कबीर के दुखी और जाग्रत होने का कारण लिखिए । क्या जागना भी दुख का कारण हो सकता है ? स्पष्ट कीजिए ।

(ख) 'मनुष्यता' कविता के आधार पर लिखिए कि कैसा जीवन जीने वाले लोग मरकर अमर हो जाते हैं ।

(ग) 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता के आधार पर लिखिए कि झरने पर्वत का गुणगान क्यों और कैसे कर रहे हैं ।

**13.** पूरक पाठ्य-पुस्तक पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए : *2×3=6*

(क) "आस्था के प्रतीक धर्मस्थान, मानव को जीवन में सन्मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं ।" 'हरिहर काका' कहानी के संदर्भ में इस कथन के पक्ष या विपक्ष में तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए ।

(ख) 'सपनों के-से दिन' पाठ के आधार पर लिखिए कि मास्टर प्रीतमचंद जैसे अध्यापकों को मुअत्तल किए जाने को आप कहाँ तक उचित मानते हैं और क्यों । पक्ष या विपक्ष में तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए ।

(ग) 'टोपी शुक्ला' पाठ के नायक टोपी शुक्ला की परेशानियों को देखते हुए आप शिक्षा-व्यवस्था में किस तरह के सुधार लाना चाहेंगे ?

**14.** निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : *1×5=5*

(क) स्वदेशी उत्पाद : समग्र विकास का आधार
- क्या है ?
- आवश्यकता क्यों ?
- भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रभाव
- सुझाव

(ख) आत्मानुशासन : शिक्षा का आधार
- क्या है ?
- प्राप्ति के उपाय
- शिक्षा में भूमिका
- सकारात्मक प्रभाव

(ग) बेटी बचाओ – बेटी पढ़ाओ
- वर्तमान में आवश्यकता क्यों ?
- भारतीय समाज पर प्रभाव
- बाधाएँ
- सुझाव

**15.** (क) आप क.ख.ग. नगर निवासी मोहन रैना/मोहिनी रैना हैं । अपने क्षेत्र में जल-भराव से उत्पन्न समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए लगभग 100 शब्दों में नगर-निगम अधिकारी को पत्र लिखिए । *5*

**अथवा**

(ख) आप अ.ब.स. नगर निवासी अदम्य विश्वकर्मा/आद्या विश्वकर्मा हैं । आपके क्षेत्र के पार्क को अब तक कूड़ेदान की तरह इस्तेमाल किया जा रहा था । नगर-निगम की पहल और सहयोग से वह पुनः सुंदर पार्क बन गया है । इसके लिए नगर-निगम आयुक्त को धन्यवाद ज्ञापन करते हुए लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए । *5*

**16.** (क) आप श्याम/श्यामा हैं और सर्वोदय विद्यालय के छात्र-परिषद् के/की सचिव हैं । अपने विद्यालय में आयोजित होने वाली कैरियर काउंसलिंग कार्यशाला की आवश्यक जानकारी देते हुए लगभग 80 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए । *4*

**अथवा**

(ख) आप निवासी कल्याण संघ के/की सचिव मनोरंजन मिंज़/मनोरमा मिंज़ हैं । आपके मोहल्ले के मुख्य पार्क में दो दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन होने वाला है । समय, दिनांक, दिन तथा चिकित्सकों का विवरण देते हुए क्षेत्रवासियों के लिए लगभग 80 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए । *4*

**17.** (क) एक बार प्रयोग में लाए जाने वाले प्लास्टिक के उत्पादों के नकारात्मक प्रभावों के प्रति आम लोगों में जागरूकता लाने के लिए पर्यावरण मंत्रालय की ओर से लगभग 60 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए । *3*

**अथवा**

(ख) 'सोलर हीटर' बनाने वाली कंपनी 'निशांतरश्मि' के प्रचार-प्रसार के लिए लगभग 60 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए । *3*

**18.** (क) 'मधुर वचन है औषधि' शीर्षक पर लगभग 100 शब्दों में एक लघुकथा लिखिए । *5*

**अथवा**

(ख) आपका नाम मानव/मानवी है । आपने ऑनलाइन टेलीविज़न खरीदा है और अब आप उसके लिए विस्तारित आश्वासन (एक्सटैंडिड वारंटी) की सुविधा प्राप्त करना चाहते हैं । इस संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त करने हेतु कंपनी के ई-मेल पते पर लगभग 100 शब्दों में ई-मेल लिखिए । *5*

**Series Z1YXW/4**

**SET ~ 1**

रोल नं.

**प्रश्न-पत्र कोड 4/4/1**

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें। #

# हिन्दी (ब)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 80*

| **नोट :** |
|---|
| (I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** हैं। |
| (II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें। |
| (III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **18** प्रश्न हैं। |
| (IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।** |
| (V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे। |

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पूर्ण रूप से अनुपालन कीजिए :*

*(i) इस प्रश्न-पत्र में कुल **18** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।*

*(ii) इस प्रश्न-पत्र में **दो** खण्ड हैं - खण्ड **'अ'** और **'ब'**।*

*(iii) खण्ड **'अ'** में उपप्रश्नों सहित **45** बहुविकल्पी/वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल **40** प्रश्नों के उत्तर लिखिए।*

*(iv) खण्ड **'ब'** में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।*

*(v) प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए।*

*(vi) यथासंभव दोनों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।*

## खण्ड 'अ'

### (बहुविकल्पी/वस्तुपरक प्रश्न)

**1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **5×1=5**

कृषि में हरी खाद उस सहायक फसल को कहते हैं जिसकी खेती मुख्यतः भूमि में पोषक तत्त्वों को बढ़ाने तथा उसमें जैविक पदार्थों की पूर्ति करने के उद्देश्य से की जाती है। प्रायः इस तरह की फसल को हरित स्थिति में हल चलाकर मिट्टी में मिला दिया जाता है। हरी खाद से भूमि की उपजाऊ शक्ति बढ़ती है और भूमि की रक्षा होती है। मृदा के लगातार उपयोग से उसमें उपस्थित पौधे की बढ़वार के लिए आवश्यक तत्त्व नष्ट होते जाते हैं। इनकी क्षतिपूर्ति के लिए और मिट्टी की उपजाऊ शक्ति को बनाए रखने के लिए हरी खाद एक उत्तम विकल्प है। बिना गले-सड़े हरे पौधे (फसलों अथवा उनके भाग) को जब मिट्टी की नत्रजन या जीवांश की मात्रा बढ़ाने के लिए खेत में दबाया जाता है तो इस क्रिया को हरी खाद देना कहते हैं।

हरी खाद के उपयोग से न सिर्फ जीवांश भूमि में उपलब्ध होता है बल्कि मृदा की भौतिक, रासायनिक एवं जैविक दशा में भी सुधार होता है। वातावरण तथा भूमि प्रदूषण की समस्या को समाप्त किया जा सकता है। लागत घटने से किसानों की आर्थिक स्थिति बेहतर होती है, भूमि में सूक्ष्म तत्त्वों की आपूर्ति होती है साथ ही साथ मृदा की उर्वरा शक्ति भी बेहतर हो जाती है।

**(i)** हरी खाद का उपयोग खेतों में क्यों किया जाना चाहिए ? **1**

(a) रासायनिक खाद की महँगी लागत से बचने के लिए।

(b) रासायनिक खाद के ज़हर से बचने के लिए।

(c) खेती के पारंपरिक तरीकों को बढ़ावा देने के लिए।

(d) मिट्टी की उर्वरता और गुणवत्ता बढ़ाने के लिए।

**(ii)** मिट्टी का उपजाऊपन कैसे कम हो जाता है ? **1**

(a) रासायनिक खाद के उपयोग से।

(b) समय पर वर्षा न होने से।

(c) मिट्टी के निरंतर उपयोग से।

(d) तेज आँधी-तूफ़ान के आने से।

**(iii)** 'हरी खाद देना' क्रिया कहा जाता है : **1**

(a) खेतों में हरे रंग की खाद का प्रयोग करने को।

(b) खेतों में ताज़ी खाद का प्रयोग करने को।

(c) गलने-सड़ने से पूर्व सहायक फसल को खेतों में दबाने को।

(d) गलने-सड़ने के बाद सहायक फसल को खेतों में दबाने को।

**(iv)** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए : **1**

(I) हरी खाद के उपयोग से भूमि में नमी बढ़ती है।

(II) हरी खाद के उपयोग से भूमि की उर्वरता बढ़ती है।

(III) हरी खाद के उपयोग से वातावरण शुद्ध होता है।

(IV) हरी खाद के उपयोग से मिट्टी में जीवांश बढ़ते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौनसा/कौनसे कथन सही है/हैं ?

(a) केवल (II)

(b) केवल (I)

(c) (I), (II) और (IV)

(d) (II), (III) और (IV)

**(v)** निम्नलिखित **कथन (A)** तथा **कारण (R)** को ध्यानपूर्वक पढ़िए, उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए। **1**

**कथन (A)** : मिट्टी की उपजाऊ शक्ति को बनाए रखने के लिए हरी खाद एक उत्तम विकल्प है।

**कारण (R)** : हरी खाद से मृदा की भौतिक, रासायनिक एवं जैविक दशा में सुधार होता है और लागत घटती है।

(a) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

(b) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं।

(c) कथन (A) सही है तथा कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(d) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

**2.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **5×1=5**

अनुभवी व्यक्तियों का कहना है, लक्ष्य चुनना ही काफी नहीं होता, बल्कि उसे जितनी जल्दी चुना जाए, उतना ही बेहतर है। कई बड़े काबिल लोग लक्ष्य चुनने में इतनी देर कर देते हैं कि उसे हासिल करने के लिए जीवन में समय ही नहीं बचता। इसीलिए स्कूली स्तर पर ही भाषा, गणित, विज्ञान समेत सभी विषयों के साथ-साथ खेल-कूद, नृत्य-संगीत जैसी विधाओं को भी पाठ्यक्रमों से जोड़ा जाता है, ताकि कच्ची उम्र से ही बच्चे अपनी रुचि के अनुरूप जीवन का लक्ष्य तय कर उस दिशा में आगे बढ़ सकें। मनोवैज्ञानिकों का कहना है कि अपने शौक को लक्ष्य और फिर पेशे के रूप में चुनने से सफलता सुनिश्चित हो जाती है, क्योंकि इन्हें हासिल करने में इंसान अपना दिल, दिमाग और ताकत लगा देता है। लक्ष्य-निर्धारण में देरी का अर्थ ही दूसरों से पिछड़ना है। आमतौर पर बच्चे कहते हैं कि मैं बड़ा

होकर डॉक्टर, इंजीनियर या आई.ए.एस. बनूँगा, लेकिन इससे आगे बढ़ने का प्रयास नहीं करते। स्वर कोकिला लता मंगेशकर ने तो किशोरावस्था में ही गायिका बनने का प्रयास शुरू कर दिया था और इतिहास रच दिया। तय है, लक्ष्य के साथ जीना सीखने वाले मुड़कर नहीं देखते। कई सारे उदाहरण हैं, जो बताते हैं कि सफलता का बड़ा हिस्सा लक्ष्य-निर्धारण में जल्दी या देरी पर टिका है। महज आठ वर्ष की आयु में अमेरिकी तैराक माइकल फेलप्स ने तैराकी में ओलिम्पिक पदक जीतने का लक्ष्य साधा और आगे चलकर तेईस स्वर्ण समेत कुल अट्ठाईस पदक जीतकर ओलिम्पिक रिकॉर्ड कायम कर दिया। शिवाजी महाराज ने कहा था 'एक छोटा कदम लक्ष्य-निर्धारण की ओर बाद में सम्पूर्ण लक्ष्य हासिल करा देता है।' इसलिए सोच-विचार में समय गँवाने के बजाय लक्ष्य चुनिए और उड़ान भरना शुरू कीजिए।

**(i)** अनुभवी व्यक्तियों का लक्ष्य-चयन के विषय में क्या मत है ? **1**

(a) लक्ष्य सोच-विचार कर शीघ्र निर्धारित करना चाहिए।

(b) लक्ष्य-निर्धारण करने में बड़ों की सलाह लेनी चाहिए।

(c) लक्ष्य-निर्धारण करने में जल्दबाज़ी नहीं करनी चाहिए।

(d) लक्ष्य-निर्धारण आर्थिक लाभ को देखकर किया जाना चाहिए।

**(ii)** स्कूली स्तर पर विभिन्न विषयों के साथ अन्य विधाओं को पाठ्यक्रम का हिस्सा क्यों बनाया जाता है? **1**

(a) बच्चों के दिमाग को कुछ समय आराम मिल सके।

(b) बच्चे रुचि के अनुरूप लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ सकें।

(c) बच्चों को अन्य विधाओं की जानकारी मिल सके।

(d) बच्चों का पढ़ाई के साथ-साथ मनोरंजन भी हो सके।

**(iii)** गद्यांश में लेखक ने प्रसिद्ध व्यक्तियों के उदाहरण क्यों दिए हैं ? **1**

(a) उनके जीवन से प्रेरणा प्राप्त करने के लिए।

(b) सही उम्र में लक्ष्य-निर्धारण की महत्ता समझाने के लिए।

(c) उनकी तरह परिश्रम कर महान बनने के लिए।

(d) उनके जीवन के इतिहास से परिचित कराने के लिए।

**(iv)** गद्यांश में प्रयुक्त 'उड़ान भरना' का अर्थ है : **1**

(a) सपने देखना

(b) कल्पना करना

(c) हवाई यात्रा करना

(d) कोशिश करना

(v) निम्नलिखित **कथन (A)** तथा **कारण (R)** को ध्यानपूर्वक पढ़िए, उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए। **1**

**कथन (A) :** अपने शौक को लक्ष्य और पेशा बनाने से सफलता सुनिश्चित हो जाती है।

**कारण (R) :** एक छोटा कदम लक्ष्य-निर्धारण की ओर बाद में सम्पूर्ण लक्ष्य हासिल करा देता है।

(a) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

(b) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(c) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(d) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।

**3.** 'पदबंध' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **4×1=4**

**(i)** ''मैं तो खेलते-कूदते दरजे में अव्वल आ गया।'' - वाक्य में रेखांकित पदबंध है : **1**

(a) संज्ञा पदबंध

(b) क्रिया पदबंध

(c) विशेषण पदबंध

(d) क्रिया विशेषण पदबंध

**(ii)** ''बार-बार तताँरा का याचना भरा चेहरा उसकी आँखों में तैर जाता।'' - इस वाक्य में संज्ञा पदबंध है : **1**

(a) तताँरा का याचना भरा

(b) याचना भरा चेहरा

(c) बार-बार तताँरा का

(d) आँखों में तैर जाता

**(iii)** ''उसमें कबूतर के एक जोड़े ने घोंसला बना लिया था।'' - वाक्य में रेखांकित पदबंध का प्रकार है : **1**

(a) संज्ञा पदबंध

(b) क्रिया पदबंध

(c) सर्वनाम पदबंध

(d) क्रिया विशेषण पदबंध

**(iv)** ''लकड़ी की बड़ी अलमारी से पुस्तक ले आओ।'' – इस वाक्य में विशेषण पदबंध कौन-सा है ? **1**

(a) लकड़ी की बड़ी

(b) बड़ी अलमारी से पुस्तक

(c) अलमारी से पुस्तक ले आओ

(d) बड़ी अलमारी से पुस्तक ले आओ

**(v)** ''सबकी सहायता करने वाले आप आज उदास क्यों हैं ? '' – वाक्य में रेखांकित पदबंध है : **1**

(a) संज्ञा पदबंध

(b) सर्वनाम पदबंध

(c) विशेषण पदबंध

(d) क्रिया पदबंध

**4.** ''रचना के आधार पर वाक्य भेद'' पर आधारित निम्नलिखित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए। **4×1=4**

**(i)** ''पढ़ाई और खेलकूद साथ-साथ चल सकते हैं।'' – वाक्य रचना की दृष्टि से है : **1**

(a) मिश्र वाक्य

(b) सरल वाक्य

(c) संयुक्त वाक्य

(d) सामान्य वाक्य

**(ii)** ''उनकी नज़र मेरी ओर उठते ही मेरे प्राण निकले।'' – इसका संयुक्त वाक्य बनेगा : **1**

(a) उनकी नज़र मेरी ओर उठी नहीं कि मेरे प्राण निकले।

(b) उनकी नज़र मेरी ओर उठी और मेरे प्राण निकले।

(c) जैसे ही उनकी नज़र मेरी ओर उठी वैसे ही मेरे प्राण निकले।

(d) जब उनकी नज़र मेरी ओर उठी तब मेरे प्राण निकले।

**(iii)** निम्नलिखित में मिश्र वाक्य है : **1**

(a) सफल खिलाड़ी होने के कारण उसका कोई निशाना खाली नहीं जाता।

(b) वह सफल खिलाड़ी है इसलिए उसका कोई निशाना खाली नहीं जाता।

(c) सफल खिलाड़ी वह है जिसका कोई निशाना खाली नहीं जाता।

(d) वह खिलाड़ी सफल है और उसका कोई निशाना खाली नहीं जाता।

**(iv)** ''तताँरा वामीरो की जो त्यागमयी मृत्यु थी वो इसी सुखद परिवर्तन के लिए थी।''
- रचना की दृष्टि से यह वाक्य है : **1**

(a) सरल वाक्य

(b) संयुक्त वाक्य

(c) साधारण वाक्य

(d) मिश्र वाक्य

**(v)** ''मेरी माँ कहती थी कि सूरज ढले आँगन के पेड़ों से पत्ते तोड़ने पर पेड़ रोएँगे।''
- इसका सरल वाक्य बनेगा : **1**

(a) मेरी माँ के अनुसार सूरज ढले आँगन के पेड़ों से पत्ते तोड़ने पर पेड़ रोएँगे।

(b) मेरी माँ का ऐसा कहना था कि जब सूरज ढले आँगन के पेड़ों से पत्ते तोड़ोगे तब पेड़ रोएँगे।

(c) मेरी माँ का कहना था कि सूरज ढले आँगन के पेड़ों से पत्ते मत तोड़ो क्योंकि पेड़ रोएँगे।

(d) सूरज ढले आँगन के पेड़ों से पत्ते तोड़ने पर पेड़ रोएँगे; माँ का कहना था।

**5.** 'समास' पर आधारित निम्नलिखित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **4×1=4**

**(i)** 'भयाकुल' समस्त पद का सही समास-विग्रह और समास का नाम कौन-सा है? **1**

(a) भय से आकुल – तत्पुरुष समास

(b) भय से कुल – कर्मधारय समास

(c) भय में कुल – कर्मधारय समास

(d) भय में आकुल – तत्पुरुष समास

**(ii)** 'आमरण' समस्त पद कौन-से समास का उदाहरण है ? **1**

(a) कर्मधारय

(b) तत्पुरुष

(c) अव्ययीभाव

(d) बहुव्रीहि

**(iii)** 'नरहरि' समस्त पद का विग्रह होगा : **1**

(a) नर के समान हरि

(b) नर रूपी हरि

(c) हरि रूपी नर

(d) नर और हरि

**(iv)** 'लंबा है उदर जिसका' विग्रह का समस्त पद है : **1**

(a) लंबादर

(b) लंबाउदर

(c) लंबादार

(d) लंबोदर

**(v)** 'आत्मकथा' समस्त पद का विग्रह है : **1**

(a) आत्मा की कथा

(b) आत्म की कथा

(c) आत्मा के लिए कथा

(d) आत्मा से कथा

**6.** निर्देशानुसार 'मुहावरे' पर आधारित निम्नलिखित छः बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए। **4×1=4**

**(i)** 'प्राण निकलना' मुहावरे का सही अर्थ है : **1**

(a) मर जाना

(b) परलोक सिधार जाना

(c) भयभीत हो जाना

(d) जड़ हो जाना

**(ii)** 'हिम्मत टूटना' मुहावरे का सही अर्थ है : **1**

(a) साहस समाप्त होना

(b) धैर्य समाप्त होना

(c) धन समाप्त होना

(d) आशा समाप्त होना

**(iii)** ''नीरज चोपड़ा द्वारा ओलिम्पिक प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने पर देश की ..............।'' रिक्त स्थान की पूर्ति उचित मुहावरे से कीजिए : **1**

(a) आँखें नम हो जाना

(b) छाती फैल जाना

(c) खुशी का ठिकाना न रहना

(d) लॉटरी लग जाना

**(iv)** ''आई.ए.एस. की परीक्षा पास करने के लिए .................. पड़ती है, तब कहीं जाकर सफलता मिलती है।'' – रिक्त स्थान की पूर्ति उचित मुहावरे से कीजिए : **1**

(a) आँखें फोड़ना

(b) दिन-रात एक करना

(c) खून जलाना

(d) लोहे के चने चबाना

**(v)** रिक्त स्थान की पूर्ति उचित मुहावरे से कीजिए :
''शिकारी की एक ही गोली ने आदमखोर शेर का ..................... दिया।'' **1**

(a) खाक में मिलाना

(b) धूल चटाना

(c) धूल में मिलाना

(d) काम तमाम करना

**(vi)** 'असंभव काम कर दिखाना' – इस अर्थ के लिए सही मुहावरा है : **1**

(a) छोटा मुँह बड़ी बात

(b) आसमान के तारे तोड़ना

(c) पहाड़ चढ़ना

(d) हथेली पर सरसों उगाना

**7.** निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उचित उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **5×1=5**

सुखिया सब संसार है, खायै अरु सोवै।
दुखिया दास कबीर है, जागै अरु रोवै।।
बिरह भुवंगम तन बसै, मंत्र न लागै कोइ।
राम बियोगी ना जिवै, जिवै तो बौरा होइ।।

**(i)** कबीरदास जी क्यों दुःखी हैं ? **1**

(a) ईश्वर से बिछुड़ने के कारण।

(b) ईश्वर को प्राप्त न कर सकने के कारण।

(c) विषय-वासनाओं में लिप्त मनुष्यों को देखकर।

(d) ईश्वर भजन में लिप्त मनुष्यों को देखकर।

**(ii)** 'सोना' और 'जागना' क्रमशः किसके प्रतीकार्थ हैं ? **1**

(a) निद्रा और अनिद्रा के

(b) अंधकार और प्रकाश के

(c) अज्ञान और ज्ञान के

(d) दुःख और सुख के

**(iii)** किस व्यक्ति पर 'मंत्र' का कोई प्रभाव नहीं दिखाई देता ? **1**

(a) जिसका मन सांसारिक विषय-वासनाओं में लिप्त हो।

(b) जिसका मन अहंकार की भावना से भरा हो।

(c) जिसके मन में विरह रूपी सर्प ने घर बसा लिया हो।

(d) जिसके मन में मिलन रूपी सर्प ने घर बसा लिया हो।

**(iv)** कबीरदास जी के अनुसार 'बौरा' कौन है ? **1**

(a) जिसे प्रभु का साक्षात्कार हो गया है।

(b) जो प्रभु से विलग रहना चाहता है।

(c) जो प्रभु की दिन-रात सेवा कर रहा है।

(d) जो प्रभु के वियोग में जीवन व्यतीत कर रहा है।

**(v)** 'मंत्र न लगना' का अर्थ है : **1**

(a) पीड़ित व्यक्ति का स्वस्थ न होना

(b) विष का प्रभाव कम न होना

(c) मंत्र सिद्ध न होना

(d) कोई उपाय काम न आना

**8.** पद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर लिखिए। **2×1=2**

**(i)** 'आत्मत्राण' कविता में कवि किससे छुटकारा प्राप्त करना चाहता है ? **1**

(a) आत्मिक भय से

(b) सुख और दुःख से

(c) हानि और लाभ से

(d) जीवन और मरण से

**(ii)** 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता के आधार पर बताइए कि पर्वतों की ऊँचाई से गिरने वाले झरने किसके यश का गुणगान कर रहे हैं ? **1**

(a) अंबर के

(b) इंद्र के

(c) गिरि के

(d) पावस के

**9.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर लिखिए : **5×1=5**

राज कपूर ने एक अच्छे और सच्चे मित्र की हैसियत से शैलेंद्र को फ़िल्म की असफलता के खतरों से आगाह भी किया। पर वह तो एक आदर्शवादी भावुक कवि था, जिसे अपार संपत्ति और यश तक की इतनी कामना नहीं थी, जितनी आत्म-संतुष्टि के सुख की अभिलाषा थी। 'तीसरी कसम' कितनी ही महान् फ़िल्म क्यों न रही हो, लेकिन यह एक दुःखद सत्य है कि इसे प्रदर्शित करने के लिए बमुश्किल वितरक मिले। बावजूद इसके कि 'तीसरी कसम' में राज कपूर और वहीदा रहमान जैसे नामजद सितारे थे, शंकर-जयकिशन का संगीत था, जिनकी लोकप्रियता उन दिनों सातवें आसमान पर थी और इसके गीत भी फ़िल्म के प्रदर्शन के पूर्व ही बेहद लोकप्रिय हो चुके थे, लेकिन इस फ़िल्म को खरीदने वाला कोई नहीं था। दरअसल इस फ़िल्म की संवेदना किसी दो से चार बनाने का गणित जानने

वाले की समझ से परे थी। उसमें रची-बसी करुणा तराज़ू पर तौली जा सकने वाली चीज़ नहीं थी।

**(i)** राज कपूर ने शैलेंद्र को किस बात से आगाह किया था ? **1**

(a) फ़िल्म का किसी को समझ न आने वाली बात से।

(b) फ़िल्म से कोई आर्थिक लाभ न मिलने वाली बात से।

(c) फ़िल्म निर्माण में होने वाली परेशानियों से ।

(d) फ़िल्म की संभावित असफलता के खतरों से ।

**(ii)** शैलेंद्र को किस प्रकार का व्यक्ति माना जा सकता है ? **1**

(a) कुशल फ़िल्म निर्माता

(b) प्रसिद्ध गीतकार

(c) आदर्शवादी भावुक कवि

(d) आत्म-संतुष्ट व्यक्ति

**(iii)** 'तीसरी कसम' फ़िल्म का दुःखद सत्य क्या था ? **1**

(a) फ़िल्म के लिए खरीददार का न मिलना।

(b) लोगों का फ़िल्म को न समझ पाना।

(c) फ़िल्म का रूपहले पर्दे पर न पहुँच पाना।

(d) फ़िल्म को प्रसिद्धि न मिल पाना।

**(iv)** गद्यांश में आई पंक्ति – 'दो से चार बनाने का गणित' – का अर्थ है : **1**

(a) अधिक से अधिक धन कमाना।

(b) संख्याओं को जोड़ने का हिसाब।

(c) अधिक से अधिक मुनाफ़ा कमाना।

(d) संख्याओं को गुणा करने का हिसाब।

**(v)** ''उसमें रची-बसी करुणा तराज़ू पर तौली जा सकने वाली चीज़ नहीं थी।'' – पंक्ति का आशय है : **1**

(a) यह करुणा अनुभूति का विषय थी, नाप-तोल का नहीं।

(b) यह करुणा बुद्धि का विषय थी, नाप-तोल का नहीं।

(c) यह करुणा हृदय का विषय थी, नाप-तोल का नहीं।

(d) यह करुणा भावना का विषय थी, नाप-तोल का नहीं।

**10.** गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर लिखिए : **2×1=2**

**(i)** 'तताँरा-वामीरो कथा' के आधार पर बताइए कि पशु-पर्व में तताँरा द्वारा तलवार खींचने का प्रमुख कारण क्या रहा होगा ? **1**

(a) गाँव वालों का विरोध

(b) वामीरो का रुदन

(c) वामीरो की माँ का विरोध

(d) क्रोध निवारण

**(ii)** 'अब कहाँ दूसरों के दुःख से दुःखी होने वाले' पाठ के लेखक की माँ उन्हें क्या करने के लिए प्रेरित करती थी ? **1**

(a) दीया-बाती के समय पेड़ों के पत्ते नहीं तोड़ने के लिए।

(b) दरिया को सलाम करने के लिए।

(c) कबूतरों को नहीं सताने के लिए।

(d) प्रकृति और जीव-जंतुओं से प्रेम करने के लिए।

## खण्ड 'ब'

## (वर्णनात्मक प्रश्न)

**11.** गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **60** शब्दों में दीजिए : **2×3=6**

**(i)** 'बड़े भाई साहब' कहानी का बड़ा भाई शिक्षा को 'रटंत ज्ञान' और 'बे-सिर-पैर की बातें' मानता है जिनका व्यावहारिक जीवन में कोई अर्थ नहीं ? इस संदर्भ में आपके क्या विचार हैं ? तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए। **3**

**(ii)** 'डायरी का एक पन्ना' पाठ के आधार पर लिखिए कि अंग्रेज सरकार ने कलकत्तावासियों द्वारा मोनूमेंट पार्क में आयोजित सभा को रोकने के लिए क्या-क्या प्रयास किए? **3**

**(iii)** 'कारतूस' एकांकी के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि सआदत अली वजीर अली का सगा चाचा होते हुए भी उससे नफरत क्यों करता था ? **3**

**12.** पद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **60** शब्दों में दीजिए : **2×3=6**

**(i)** 'तोप' कविता के आधार पर 'तोप' और 'गौरैया' की प्रतीकात्मकता स्पष्ट करते हुए बताइए कि इस कविता के माध्यम से कवि क्या संदेश देना चाहता है ? **3**

(ii) ''घटे न हेलमेल हाँ, बढ़े न भिन्नता कभी'' – 'मनुष्यता' कविता से ली गई इस पंक्ति के माध्यम से कवि ने जीवन रूपी मार्ग पर आगे बढ़ते समय क्या याद रखने को कहा है और क्यों ? **3**

(iii) 'कर चले हम फिदा' गीत में कवि देशवासियों से क्या अपेक्षाएँ रखता है ? हम उसकी अपेक्षाओं पर किस रूप में खरा उतर रहे हैं ? तर्क सहित उत्तर दीजिए। **3**

**13.** पूरक पाठ्य पुस्तक पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **60** शब्दों में दीजिए : **2×3=6**

(i) हरिहर काका और टोपी शुक्ला दोनों ही भरे-पूरे परिवार से संबंधित होते हुए भी अकेले थे। दोनों के अकेलेपन के कारणों की समीक्षा कीजिए। **3**

(ii) 'सपनों के से दिन' पाठ में बच्चों को स्कूल जाना बिल्कुल भी पसंद नहीं था, क्यों? कारण सहित उत्तर स्पष्ट करते हुए बताइए कि स्कूल जाने के संबंध में आपका क्या अनुभव है? **3**

(iii) इफ़्फ़न के पिता के तबादले के बाद टोपी शुक्ला का कोई और मित्र क्यों नहीं बन सका? इसका उसके बालमन पर क्या प्रभाव पड़ा ? **3**

**14.** निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग **100** शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : **1×5=5**

**(क)** नाटक मंचन के दौरान जब मैं अपने संवाद भूल गया/गई **5**

- मेरी मनःस्थिति
- दर्शकों का उत्साहवर्धन
- सफलतापूर्वक नाटक की समाप्ति

**(ख)** वर्षा की पहली फुहार **5**

- तन-मन की प्रसन्नता
- प्रकृति द्वारा वर्षा का स्वागत
- आस-पास का दृश्य

**(ग)** समाचार-पत्रों का कोई विकल्प नहीं **5**

- जानकारी का सस्ता और सुलभ साधन
- समाचार-पत्रों के प्रकार
- समाचार-पत्रों के लाभ

**15.** **(क)** आपका नाम मुदित/मुदिता है। प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रवेश हेतु प्रदेश सरकार द्वारा आर्थिक दृष्टि से कमजोर, प्रतिभाशाली छात्रों के लिए निःशुल्क शिक्षण की जो व्यवस्था की गई है, उसकी सराहना करते हुए किसी दैनिक हिन्दी समाचार-पत्र के संपादक को लगभग **100** शब्दों में एक पत्र लिखिए। **5**

**अथवा**

**(ख)** 'आज़ादी के अमृत महोत्सव' पर आयोजित की जाने वाली सांस्कृतिक गतिविधियों के अभ्यास हेतु सांस्कृतिक कला सचिव की ओर से स्कूल के प्रधानाचार्य को लगभग **100** शब्दों में एक पत्र लिखिए जिसमें प्रार्थना सभा के दौरान अभ्यास की अनुमति माँगी गई हो। **5**

**16.** **(क)** आपकी सोसायटी में आगामी माह के अंतिम सप्ताह में निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सोसायटी सचिव की ओर से इस जानकारी को लोगों तक पहुँचाने के लिए लगभग **80** शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए। **4**

**अथवा**

**(ख)** आप दसवीं कक्षा के अर्पित/अर्पिता हैं। भोजनावकाश के दौरान खेल के मैदान में आपका ब्लेज़र (कोट) कहीं छूट गया। उससे संबंधित जानकारी देते हुए लगभग **80** शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए। **4**

**17.** **(क)** आपकी माता जी तरह-तरह के स्वादिष्ट अचार बनाती हैं। इन अचारों की बिक्री के प्रचार-प्रसार हेतु लगभग **60** शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए। **3**

**अथवा**

**(ख)** विद्यालय में आयोजित होने वाले वसंत मेले के प्रचार-प्रसार हेतु लगभग **60** शब्दों में आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए। **3**

**18.** **(क)** 'रमेश बाबू ने बड़े ही मन से पुत्र के लिए मोबाइल खरीदा।' पंक्ति को आधार बनाकर लगभग **100** शब्दों में एक लघु कथा लिखिए। **5**

**अथवा**

**(ख)** मौसम विभाग द्वारा भारी बारिश की चेतावनी जारी किए जाने के कारण जिला प्रशासन ने दो दिन के लिए शिक्षण-संस्थानों को बंद रखने का निर्देश दिया है। स्कूल प्रधानाचार्य की ओर से लगभग **100** शब्दों में, अभिभावकों तक इस जानकारी को पहुँचाने के लिए विद्यालय की वेबसाइट पर डालने हेतु एक ई-मेल तैयार कीजिए। **5**

**Series Z1YXW/5**

**SET ~ 1**

**प्रश्न-पत्र कोड 4/5/1**

रोल नं.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें । *

# हिन्दी (ब)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

**नोट :**

(i) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **19** हैं ।

(ii) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।

(iii) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **18** प्रश्न हैं ।

(iv) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**

(v) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :*

*(i) इस प्रश्न-पत्र में कुल **18** प्रश्न हैं । सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।*

*(ii) इस प्रश्न-पत्र में **दो** खण्ड हैं – **खण्ड अ** और **खण्ड ब** ।*

*(iii) **खण्ड अ** में उपप्रश्नों सहित **45** बहुविकल्पी/वस्तुपरक उपप्रश्न पूछे गए हैं । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 उपप्रश्नों के उत्तर लिखिए ।*

*(iv) **खण्ड ब** में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं ।*

*(v) प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए ।*

*(vi) यथासंभव दोनों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए ।*

## खण्ड अ

## (बहुविकल्पी/वस्तुपरक प्रश्न)

**1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

जलवायु परिवर्तन के दौर में गरमी का बढ़ता प्रकोप अनेक चिंताएँ उत्पन्न कर रहा है । भूमि के सभी क्षेत्र गरमी के प्रकोप से समान रूप से प्रभावित नहीं होते हैं । जहाँ अधिक हरियाली है, पेड़ हैं, वहाँ गरमी की मार अपेक्षाकृत कम है, जहाँ पूरा क्षेत्र सीमेंट-कंक्रीट के निर्माणों और सड़कों से भरा पड़ा है, वहाँ गरमी अधिक होती है । प्रायः किसी भी शहर के लिए एक ही तापमान बताया जाता है, पर वास्तव में एक ही शहर के विभिन्न क्षेत्रों के तापमान में बहुत अंतर होता है । 10 डिग्री सेल्सियस या उससे भी अधिक का अंतर एक ही महानगर या बड़े शहर के भीतर देखा जा सकता है । वृद्ध और पहले से कमज़ोर स्वास्थ्य के लोगों पर चरम गरमी के दिनों में विशेष ध्यान देने की जरूरत है । गरमी के प्रकोप से उन लोगों की स्थिति और बिगड़ सकती है, जो पहले से साँस व हृदय संबंधी समस्याओं से त्रस्त हैं ।

पर्यावरणविदों के अनुसार, शहरों में अधिक तापमान के कुछ प्रमुख कारण इस प्रकार हैं । आधुनिक शहरों का आकार-प्रकार वायु के बहाव के हिसाब से ठीक नहीं है । गाँव में हवा रुकती नहीं है, लेकिन शहरों में ऊँची इमारतों की वजह से हवा रुकती है और बेचैनी बढ़ती है । शहर रेगिस्तान की तरह होने लगे हैं । कई जगहों पर किसी वनस्पति का नामोनिशान नहीं होता है, ऐसे इलाकों पर बारिश भी बेअसर होती है । वाष्पीकरण कम होता है और गरमी बढ़ जाती है । शहरों में मानव-जनित ऊष्मा भी बहुत बढ़ गई है । पेट्रोलियम पदार्थों के अधिकतम उपयोग से भी शहरी तापमान बढ़ रहा है । गरमी के प्रकोप को कम करने के लिए बसावट सुधारने से हरियाली बढ़ाने तक बहुत काम हैं, जो हमें करने चाहिए । स्थानीय प्रजाति के वृक्षों की संख्या बढ़ाने तथा परंपरागत जलस्रोतों की रक्षा पर ध्यान देना चाहिए ।

(i) शहरी क्षेत्रों में अधिक तापमान का क्या कारण है ?

(a) शहरों में बहुमंज़िला इमारतों का होना

(b) शहरों में पक्की सड़कों का जाल होना

(c) शहरों में हरियाली का असमान रूप में पाया जाना

(d) शहरों में सीमेंट-कंक्रीट के निर्माण का अधिक होना

(ii) शहरी क्षेत्रों में असमान तापमान का क्या कारण है ?

(a) हरियाली की तुलना में सीमेंट-कंक्रीट का अधिक होना

(b) हरियाली की तुलना में सीमेंट-कंक्रीट के निर्माण का अधिक होना

(c) शहरों में हरियाली का असमान अनुपात

(d) शहरों में हरियाली का कम होना

(iii) गरमी के प्रकोप से किन लोगों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है ?

(a) कमज़ोर लोगों पर

(b) वृद्ध लोगों पर

(c) वृद्ध व कमज़ोर स्वास्थ्य के लोगों पर

(d) साँस व हृदय संबंधी समस्याओं से ग्रसित लोगों पर

(iv) परंपरागत जलस्रोतों का उचित विकल्प है :

(a) कुआँ, पोखर, नलकूप

(b) कुआँ, हैंडपंप, पोखर

(c) कुआँ, तालाब, नलकूप

(d) कुआँ, तालाब, बावड़ी

(v) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए । उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए ।

*कथन (A) :* गाँव में हवा रुकती नहीं है, लेकिन शहरों में हवा रुकती है ।

*कारण (R) :* आधुनिक शहरों का आकार-प्रकार वायु के बहाव के हिसाब से ठीक नहीं है ।

(a) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों ग़लत हैं ।

(b) कथन (A) ग़लत है, लेकिन कारण (R) सही है ।

(c) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R), कथन (A) की ग़लत व्याख्या करता है ।

(d) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है ।

**2.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

उस छोटी लड़की का जीवन निराशा से भरा हुआ था । माता-पिता भी लाचार थे । वे चाहकर भी अपनी बेटी के लिए कुछ नहीं कर पाते थे । बचपन से ही वह चलने-फिरने में अक्षम थी । बैसाखी के बिना उसका एक कदम भी चलना मुश्किल था । एक शाम वह लड़की अपने घर के पास ही पार्क में चुपचाप बैठी थी । उसकी नजर पत्थर की उस मूर्ति पर पड़ी, जिसमें एक युवती दौड़ने की मुद्रा में खड़ी थी । वह मूर्ति इतनी जीवंत थी, गोया अभी दौड़ पड़ेगी । लड़की मूर्ति को देखकर सोचने लगी, क्या ऐसा नहीं हो सकता कि मैं भी उस मूर्ति की मुद्रा में दौड़ पाऊँ ? मुझे कोशिश तो करनी चाहिए ।

अगली सुबह वह उस प्रतिमा के पास देर तक उसी मुद्रा में टिकने की कोशिश करती, बार-बार गिरती, किंतु हरेक विफलता के साथ उसका हौसला दोगुना हो जाता । उसे घोर पीड़ा होती थी, पैर भी लहूलुहान हो जाते थे, किंतु उसने प्रयास करना नहीं छोड़ा और एक दिन वह अपने पैरों पर सीधी खड़ी हो गई ।

उस लड़की की अथक कोशिश में मानव जीवन के लिए एक गहरा संदेश छिपा है — हमारी सोच से ही हमारे जीवन और संस्कारों का निर्माण होता है । सोच सकारात्मक हो, उसके प्रति दृढ़ रहा जाए, तो हम दुनिया की हर तस्वीर को बदल सकते हैं । स्वामी विवेकानंद कहा करते थे, हम सभी वही होते हैं, जो हमारे विचार हमें बनाते हैं । इसलिए आप जो सोचते हैं उसके बारे में ध्यान रखना चाहिए । हमारे विचार दूर तक जाते हैं । हम अपने जीवन में हज़ारों बार असफल हो सकते हैं, लेकिन ख़ुद को कभी भी हारा हुआ नहीं समझना चाहिए । हालाँकि विफलता के बाद सोच को स्थिर रखना आसान नहीं होता । इसके लिए मस्तिष्क के अनुकूलन की जरूरत होती है । इसलिए नकारात्मक सोच से हमें सावधान रहने की जरूरत है क्योंकि गिरना तो जीवन की कुदरती प्रक्रिया है ।

(i) छोटी लड़की का जीवन निराशापूर्ण क्यों था ?
- (a) माता-पिता की बेबसी के कारण
- (b) चलने-फिरने की अक्षमता के कारण
- (c) पैरों का इलाज ठीक से न होने के कारण
- (d) घर में आर्थिक अभावों के कारण

(ii) छोटी लड़की के चलने का श्रेय जाता है :
- (a) छोटी लड़की के अथक प्रयासों को
- (b) छोटी लड़की की सकारात्मक सोच को
- (c) पार्क में दौड़ने की मुद्रा में लगी मूर्ति को
- (d) छोटी लड़की की सकारात्मक सोच व कोशिश को

(iii) गद्यांश में प्रयुक्त 'मुद्रा' शब्द का उचित अर्थ है :

(a) मुहर

(b) आकृति

(c) धन

(d) सिक्का

(iv) निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

(क) हमारी सोच से ही हमारे जीवन और संस्कारों का निर्माण होता है ।

(ख) अपने विचारों के साथ दूसरों की सोच पर भी ध्यान दीजिए ।

(ग) नकारात्मक सोच से हमें सावधान रहने की जरूरत है ।

(घ) असफलता के बाद जीवन में आराम की जरूरत है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) (क) और (ग)

(b) केवल (क)

(c) केवल (ख)

(d) (क), (ख) और (ग)

(v) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए । उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए ।

*कथन (A) :* विफलता के बाद सोच को स्थिर रखना आसान नहीं होता ।

*कारण (R) :* व्यक्ति का मनोबल टूट जाता है । मस्तिष्क को अनुकूलन की जरूरत होती है ।

(a) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों ग़लत हैं ।

(b) कथन (A) ग़लत है, लेकिन कारण (R) सही है ।

(c) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R), कथन (A) की ग़लत व्याख्या करता है ।

(d) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है ।

**3.** निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *4×1=4*

(i) "उसने अपने कानों में <u>एक गंभीर आकर्षक आवाज</u> सुनी ।" — इस वाक्य में रेखांकित पदबंध है :

(a) संज्ञा पदबंध

(b) क्रिया पदबंध

(c) विशेषण पदबंध

(d) क्रिया-विशेषण पदबंध

(ii) "<u>लाभ-हानि का हिसाब लगाने वाला वह</u> कहाँ गया ?" — इस वाक्य में रेखांकित पदबंध है :

(a) संज्ञा पदबंध

(b) सर्वनाम पदबंध

(c) विशेषण पदबंध

(d) क्रिया पदबंध

(iii) "गेंद की तरह लुढ़ककर जहाज वर्ली के समंदर पर आकर गिरा ।" — इस वाक्य में क्रिया-विशेषण पदबंध है :

(a) गेंद की तरह लुढ़ककर

(b) पर आकर गिरा

(c) लुढ़ककर जहाज

(d) जहाज वर्ली के

(iv) "जीवन डिब्बेनुमा छोटे घरों में सिमटने लगा है ।" — इस वाक्य में संज्ञा पदबंध है :

(a) छोटे घरों में सिमटने

(b) डिब्बेनुमा छोटे घरों में

(c) घरों में सिमटने लगा है

(d) जीवन डिब्बेनुमा छोटे

(v) "वामीरो भयवश सामने आने में झिझक रही थी ।" — इस वाक्य में रेखांकित पदबंध है :

(a) संज्ञा पदबंध

(b) सर्वनाम पदबंध

(c) क्रिया पदबंध

(d) क्रिया-विशेषण पदबंध

**4.** निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य-भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *4×1=4*

(i) "मेरे और भाई साहब के बीच केवल दो साल का अंतर था ।" — रचना की दृष्टि से यह वाक्य है :

(a) सरल वाक्य

(b) संयुक्त वाक्य

(c) मिश्र वाक्य

(d) साधारण वाक्य

(ii) "भाई साहब तलवार खींच कर मुझ पर टूट पड़े ।" — इस वाक्य का संयुक्त वाक्य बनेगा :

(a) भाई साहब ने तलवार खींची और मुझ पर टूट पड़े ।

(b) जैसे ही भाई साहब ने तलवार खींची वह मुझ पर टूट पड़े ।

(c) मुझ पर टूट पड़ने के लिए भाई साहब द्वारा तलवार खींच ली गई ।

(d) जब भाई साहब ने तलवार खींची तब वह मुझ पर टूट पड़े ।

(iii) निम्नलिखित में से मिश्र वाक्य है :

(a) जापान में चाय पीने की विधि को चा-नो-यू कहते हैं ।

(b) जापान में चाय पीने की जो विधि है उसे चा-नो-यू कहते हैं ।

(c) जापानियों द्वारा चाय पीने की विधि को चा-नो-यू कहा जाता है ।

(d) यह जापान में चाय पीने की विधि है और इसे चा-नो-यू कहते हैं ।

(iv) "कर्नल ने जंगल में जो खेमा लगाया था वो वज़ीर अली को पकड़ने के लिए था ।" — रचना की दृष्टि से वाक्य है :

(a) सरल

(b) संयुक्त

(c) साधारण

(d) मिश्र

(v) "वज़ीर अली ने वकील की हत्या की और नेपाल की तरफ भाग गया ।" — वाक्य का सरल वाक्य बनेगा :

(a) जैसे ही वज़ीर अली ने वकील की हत्या की वह नेपाल की तरफ भाग गया ।

(b) जब वज़ीर अली ने वकील की हत्या की तब वह नेपाल की तरफ भाग गया ।

(c) वज़ीर अली ने वकील की हत्या की इसलिए नेपाल की तरफ भाग गया ।

(d) वकील की हत्या करने के बाद वज़ीर अली नेपाल की तरफ भाग गया ।

**5.** निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *4×1=4*

(i) 'हस्तलिखित' समस्तपद का सही समास विग्रह है :

(a) हाथ पर लिखित

(b) हाथ से लिखित

(c) हाथ में लिखित

(d) हाथ के लिखित

(ii) 'महात्मा' समस्तपद का सही समास-विग्रह और समास का नाम वाला विकल्प चुनकर लिखिए :

(a) महान है जो आत्मा — कर्मधारय

(b) महान है आत्मा जिसकी — कर्मधारय

(c) महान आत्मा — बहुव्रीहि

(d) महान आत्मा है जो — बहुव्रीहि

(iii) 'स्वाधीन' समस्तपद का सही विग्रह है :

(a) स्व के धीन

(b) स्व के अधीन

(c) स्व में आधीन

(d) स्वा के आधीन

(iv) 'प्रतिक्षण' समस्तपद कौन-से समास का उदाहरण है ?

(a) तत्पुरुष

(b) अव्ययीभाव

(c) बहुव्रीहि

(d) कर्मधारय

(v) 'गगन को चूमने वाली' विग्रह का समस्तपद है :

(a) गगनमुक्ति

(b) नभ चुमने वाली

(c) आकाश चुंबकीय

(d) गगनचुंबी

**6.** निर्देशानुसार 'मुहावरे' पर आधारित छह बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *4×1=4*

(i) 'दबे पाँव आना' मुहावरे का अर्थ है :

(a) पैर दबाकर आना

(b) चोरी-चोरी आना

(c) पैर दबाते हुए आना

(d) नंगे पैर आना

(ii) 'तराजू पर तोलना' मुहावरे का अर्थ है :

(a) नाप तोल का पता लगाना

(b) उचित-अनुचित का निर्णय करना

(c) वस्तु का वज़न पता करना

(d) वस्तु की गुणवत्ता का पता करना

(iii) "आतंकवादियों को पकड़ने के लिए सैनिक देश की सीमा पर _________ पड़े रहते हैं ।" रिक्त स्थान की पूर्ति उचित मुहावरे से कीजिए ।

(a) आँखों में धूल झोंकना

(b) चक्कर खाना

(c) सुध-बुध खोना

(d) डेरा डालना

(iv) "मास्टर प्रीतम चंद छोटी-छोटी बातों में छात्रों की _________ तैयार रहते थे ।" रिक्त स्थान की पूर्ति उचित मुहावरे से कीजिए ।

(a) चमड़ी उधेड़ना

(b) नज़र रखना

(c) हाथों में लेना

(d) नामोनिशान मिटाना

(v) 'अपमानित करना' — अर्थ के लिए सही मुहावरा है :

(a) पानी उतरना

(b) नीचा दिखाना

(c) घुटने टेकना

(d) टोपी उछलना

(vi) 'एकमात्र सहारा' — अर्थ के लिए सही मुहावरा है :

(a) अंधे की लाठी

(b) आँख का तारा

(c) अँधेरे घर का उजाला

(d) गुदड़ी का लाल

**7.** निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

उड़ गया, अचानक लो, भूधर
फड़का अपार पारद के पर !
रव-शेष रह गए हैं निर्झर !
है टूट पड़ा भू पर अंबर !
धँस गए धरा में सभय शाल !
उठ रहा धुआँ, जल गया ताल !
– यों जलद-यान में विचर-विचर
था इंद्र खेलता इंद्रजाल !

(i) 'भूधर के उड़ जाने' का आशय :
- (a) उसके पंछी समान उड़ने से है
- (b) उसके अदृश्य हो जाने से है
- (c) उसके बादलों के साथ चले जाने से है
- (d) उसके बादलों के पंख लगाने से है

(ii) 'है टूट पड़ा भू पर अंबर' — पंक्ति में क्या कल्पना की गई है ?
- (a) अंबर ने धरती पर बाणों की वर्षा शुरू कर दी
- (b) अंबर ने धरती पर मूसलाधार वर्षा शुरू कर दी
- (c) अंबर ने बादलों रूपी सेना द्वारा भूमि पर आक्रमण कर दिया
- (d) अंबर बादलों की गड़गड़ाहट के साथ धरती पर गिर पड़ा

(iii) शाल के वृक्षों के भयभीत होने का कारण इनमें से क्या ***नहीं*** है ?
- (a) आसमान से मूसलाधार वर्षा
- (b) तालाबों का जलना
- (c) चारों तरफ उठता धुआँ
- (d) बादलों की गड़गड़ाहट

(iv) प्रस्तुत काव्यांश में किस ऋतु में कहाँ के सौंदर्य का वर्णन किया गया है ?

(a) वर्षा ऋतु में मैदानी भागों के सौंदर्य का

(b) वर्षा ऋतु में पर्वतीय प्रदेश के सौंदर्य का

(c) वसंत ऋतु में तटीय प्रदेश के सौंदर्य का

(d) वसंत ऋतु में पर्वतीय प्रदेश के सौंदर्य का

(v) प्रस्तुत काव्यांश में किसका मानवीकरण किया गया है ?

(a) पर्वतों का

(b) अंबर का

(c) वृक्षों का

(d) प्रकृति का

**8.** पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *2×1=2*

(i) 'आत्मत्राण' कविता के अनुवादक का नाम है :

(a) रवींद्रनाथ ठाकुर

(b) रवींद्रनाथ सिंह

(c) हज़ारी प्रसाद द्विवेदी

(d) हज़ारी प्रसाद चतुर्वेदी

(ii) 'छू न पाए सीता का दामन कोई' — पंक्ति में सीता से अभिप्राय है :

(a) भारत-माता

(b) देश की बहन-बेटियाँ

(c) (a) और (b) दोनों

(d) तीनों में से कोई नहीं

**9.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

महज़ इम्तिहान पास कर लेना कोई चीज़ नहीं, असल चीज़ है बुद्धि का विकास । जो कुछ पढ़ो, उसका अभिप्राय समझो । रावण भूमंडल का स्वामी था । ऐसे राजाओं को चक्रवर्ती कहते हैं । आजकल अंग्रेज़ों के राज्य का विस्तार बहुत बढ़ा हुआ है, पर इन्हें चक्रवर्ती नहीं कह सकते । संसार में अनेक राष्ट्र अंग्रेज़ों का आधिपत्य स्वीकार नहीं करते, बिलकुल स्वाधीन हैं । रावण चक्रवर्ती राजा था, संसार के सभी महीप उसे कर देते थे । बड़े-बड़े देवता उसकी गुलामी करते थे । आग और पानी के देवता भी उसके दास थे, मगर उसका अंत क्या हुआ ? घमंड ने उसका नामोनिशान तक मिटा दिया, कोई उसे एक चुल्लू पानी देने वाला भी न बचा । आदमी और जो कुकर्म चाहे करे, पर अभिमान न करे, इतराये नहीं । अभिमान किया और दीन-दुनिया दोनों से गया ।

(i) 'जो कुछ पढ़ो, उसका अभिप्राय समझो ।' पंक्ति का आशय है :

(a) पुस्तकीय ज्ञान का अक्षरशः अर्थ समझना

(b) पुस्तकीय ज्ञान से बुद्धि का विकास करना

(c) पुस्तकीय ज्ञान से परीक्षा पास करना

(d) पुस्तकीय ज्ञान से अच्छे अंक लाना

(ii) अंग्रेज़ों को रावण की तरह चक्रवर्ती सम्राट क्यों ***नहीं*** कहा जा सकता ?

(a) क्योंकि सभी देवता उनके दास नहीं थे

(b) क्योंकि सभी देवता उन्हें कर नहीं देते

(c) क्योंकि समस्त भूमंडल पर उनका स्वामित्व नहीं था

(d) क्योंकि वे रावण की तरह शक्तिशाली नहीं थे

(iii) रावण के अंत का क्या कारण था ?

(a) अपनी शक्ति पर घमंड करना

(b) सभी देवताओं को दास बनाना

(c) सभी राजाओं से कर लेना

(d) सीता का हरण करना

(iv) बड़े भाई ने लेखक को रावण का उदाहरण क्यों दिया ?

(a) रावण के अंत से परिचित कराने के लिए

(b) रावण की शक्ति से परिचित कराने के लिए

(c) लेखक की मनमानी पर अंकुश लगाने के लिए

(d) लेखक के व्यवहार में आए घमंड को रोकने के लिए

(v) 'चुल्लू भर पानी देने वाला' मुहावरे का अर्थ है :

(a) प्यासे को पानी पिलाने वाला

(b) थोड़ी सी सहायता करने वाला

(c) दुख के समय साथ देने वाला

(d) कंजूसी से जीवन बिताने वाला

**10.** गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *2×1=2*

(i) 'अब कहाँ दूसरे के दुख से दुखी होने वाले' पाठ के आधार पर शेख अयाज़ के पिता द्वारा भोजन छोड़कर उठने का कारण था :

(a) भोजन का अच्छा नहीं लगना

(b) पेट का भर जाना

(c) आवश्यक काम का याद आ जाना

(d) बेघर जीव को उसके घर पहुँचाना

(ii) 'गिन्नी का सोना' पाठ के आधार पर लिखिए कि समाज के पास विद्यमान शाश्वत जीवन मूल्य किनकी देन हैं ।

(a) महात्मा गाँधी की

(b) आदर्शवादियों की

(c) व्यवहारवादियों की

(d) प्रैक्टिकल आइडियालिस्टों की

## खण्ड ब

## (वर्णनात्मक प्रश्न)

**11.** गद्य पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए : *2×3=6*

(क) 'पतझर में टूटी पत्तियाँ' के लेखक के अनुसार 'सत्य केवल वर्तमान है, उसी में जीना चाहिए ।' क्या आप लेखक के विचार से सहमत हैं ? अपने पक्ष के समर्थन या विरोध में तर्क सहित उत्तर दीजिए ।

(ख) निदा फ़ाज़ली अपनी माँ और पत्नी द्वारा जीव-जंतुओं के साथ किए जाने वाले व्यवहार के अंतर से क्या कहना चाहते हैं ? 'अब कहाँ दूसरे के दुख से दुखी होने वाले' पाठ के संदर्भ में लिखिए ।

(ग) 'तताँरा-वामीरो कथा' पाठ के आधार पर 'पशु-पर्व' में होने वाली घटना का उल्लेख कीजिए ।

**12.** पद्य पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए : *2×3=6*

(क) 'साखी' शब्द का अर्थ स्पष्ट करते हुए अपने पाठ्यक्रम में संकलित कबीर की साखियों का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए ।

(ख) 'आत्मत्राण' कविता का कवि ईश्वर से सांसारिक सुखों की प्रार्थना न करते हुए, क्या निवेदन कर रहा है ? इससे उसके चरित्र की किस विशेषता का पता चलता है ?

(ग) 'हरि आप हरो जन री भीर' पद के आधार पर सिद्ध कीजिए कि मीरा यदि एक ओर श्रीकृष्ण की क्षमताओं का गुणगान करती हैं तो दूसरी ओर उन्हें उनके कर्तव्य की याद दिलाने में भी विलंब नहीं करती ।

**13.** पूरक पाठ्य-पुस्तक पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए : *2×3=6*

(क) ‘हरिहर काका’ कहानी के आधार पर लिखिए कि कहानी के अंत में हरिहर काका की सुरक्षा में राइफलधारी पुलिस के चार जवान क्यों नियुक्त किए गए । हरिहर काका की वास्तविक सुरक्षा किसके द्वारा और कैसे की जा रही थी ?

(ख) ‘सपनों के-से दिन’ पाठ में बच्चों को अनुशासन में रखने के लिए माता-पिता, भाई-बहनों और अध्यापकों द्वारा मार-पीट करने का जिक्र आया है । वर्तमान समय में इसमें क्या परिवर्तन आया है ? आपकी दृष्टि में कौन-सा तरीका अधिक बेहतर है ?

(ग) ‘टोपी शुक्ला’ कहानी के आधार पर लिखिए कि कहानी का प्रमुख पात्र टोपी अपने बड़े भाई मुन्नी बाबू से क्यों चिढ़ता था । टोपी के साथ मुन्नी बाबू द्वारा किए गए व्यवहार को आप कितना उचित मानते हैं ? तर्क सहित उत्तर दीजिए ।

**14.** निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : *1×5=5*

(क) माँ-पिताजी की शादी की बीसवीं सालगिरह

- सगे-संबंधियों और मित्रों को निमंत्रण
- कार्यक्रम की तैयारी
- रंगारंग कार्यक्रम और माँ-पिताजी की प्रसन्नता

(ख) क्यों प्रिय है, मुझे मेरा देश ?

- भौगोलिक विविधता
- प्राकृतिक सुंदरता
- विविधता में एकता

(ग) स्वरोज़गार : आत्मनिर्भरता की सीढ़ी

- स्वरोज़गार का अर्थ
- समय की माँग
- युवा प्रतिभाओं को निखरने का मौका

**15.** (क) आप क.ख.ग. कॉलोनी के निवासी हैं । आपके क्षेत्र में गत कई दिनों से बंदरों का प्रकोप बढ़ गया है । इस समस्या के शीघ्रातिशीघ्र समाधान के लिए नगर-निगम अधिकारी को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए । *5*

**अथवा**

(ख) आपके घर में पिछले कई दिनों से गंदा और बदबूदार पानी आ रहा है । इस समस्या के शीघ्रातिशीघ्र समाधान के लिए नगर-निगमाधिकारी को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए । *5*

**16.** (क) आपके विद्यालय में 'हिन्दी दिवस' के अवसर पर हिन्दी सप्ताह आयोजित किया जा रहा है जिसमें हिन्दी भाषा से संबंधित विभिन्न गतिविधियाँ यथा — कवि गोष्ठी, नाट्य मंचन, वाद-विवाद आदि का आयोजन किया जाएगा । विद्यालय के सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष की ओर से इसकी जानकारी देते हुए लगभग 80 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए । *4*

**अथवा**

(ख) विद्यालय के प्रधानाचार्य की ओर से 'आपदा-प्रबंधन' पर आयोजित होने वाली कार्यशाला की जानकारी देते हुए लगभग 80 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए । *4*

**17.** (क) आपकी बड़ी बहन बहुत ही स्वादिष्ट केक और पेस्ट्री बनाती हैं । उनकी बिक्री के प्रचार-प्रसार हेतु लगभग 60 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए । *3*

**अथवा**

(ख) आपके पिताजी अपना दो कमरों वाला फ्लैट किराए पर देना चाहते हैं । फ्लैट और उससे संबंधित जानकारी देते हुए लगभग 60 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए । *3*

**18.** (क) सर्दियों के मौसम में कोहरे के प्रकोप के कारण, संभावित दुर्घटनाओं से छात्रों की सुरक्षा हेतु स्कूल प्रशासन ने, स्कूल का समय परिवर्तित करने का निर्णय लिया है । विद्यालय के प्रधानाचार्य की ओर से लगभग 100 शब्दों में बदले हुए समय की जानकारी अभिभावकों तक पहुँचाने के लिए एक ई-मेल स्कूल की वेबसाइट पर डालने हेतु तैयार कीजिए । *5*

**अथवा**

(ख) निम्नलिखित पंक्ति को आधार बनाते हुए लगभग 100 शब्दों में एक लघुकथा लिखिए :

'राम दसवीं कक्षा का मेधावी छात्र था ।' *5*

Series Z1YXW/6

SET ~ 1

प्रश्न-पत्र कोड **4/6/1**

रोल नं.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

# हिन्दी (ब)

# HINDI (B)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

| नोट | |
|---|---|
| (i) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 15 हैं । |
| (ii) | प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें । |
| (iii) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 18 प्रश्न हैं । |
| (iv) | **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।** |
| (v) | इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे । |

**सामान्य निर्देश :**

**निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख्ती से अनुपालन कीजिए :**

(i) *इस प्रश्न-पत्र में कुल **18** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।*

(ii) *इस प्रश्न-पत्र में **दो** खंड हैं – **खंड-'अ'** और **खंड-'ब'***

(iii) ***खंड-'अ'** में उपप्रश्नों सहित **45** बहुविकल्पी / वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल **40** प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।*

(iv) ***खंड-'ब'** में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं ।*

(v) *प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए ।*

(vi) *यथासंभव **दोनों** खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए ।*

## खंड – अ

### (बहुविकल्पी / वस्तुपरक प्रश्न)

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इस पर आधारित प्रश्नों के लिए सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **5 × 1 = 5**

कभी-कभी सहज से तेज़ गति में परिवर्तित होते क्रोध को समय रहते नियंत्रित नहीं किया गया तो उसके परिणाम अत्यंत घातक और पश्चात्ताप के भाव जगाने वाले हो सकते हैं । कैलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी के मनोविश्लेषक टॉम जी. स्टीवेन्स ने अपनी किताब 'ओवरकम एंगर ऐंड एग्रेसन' में स्पष्ट किया है कि क्रोध-नियंत्रण का एक प्रमुख तरीका यह है कि स्थिति को अपने नहीं, दूसरों के नजरिये से देखें । दूसरों को उन स्थितियों पर प्रकाश डालने के लिए प्रोत्साहित करें, क्षमा करना सीखें, बीते को बिसारने की आदत विकसित करें और किसी को चोट पहुँचाने के बजाय प्रशंसा से उसका मूल्यांकन करें । याद रखें, क्रोध-नियंत्रण से आप स्वयं को शक्तिशाली बनाते हैं । इससे आपकी खुशहाली और स्मृतियों का विस्तार होता है । यूनिवर्सिटी ऑफ सिनसिनाटी के वैज्ञानिकों ने अपनी किताब 50 साइंस ऑफ मेंटल इलनेस में इन कमजोरियों पर प्रकाश डालते हुए गुस्से को काबू में रखने के कारगर सूत्र दिए हैं । क्रोध-नियंत्रण से हम अपना ही नहीं, दूसरों के उजड़ते संसार को फिर से आबाद कर सकते हैं क्योंकि शांत मन सृजन में समर्थ होता है । हमारे सृजनात्मक होने से ही मानवता का हित सध सकता है । तो जब भी क्रोध आए, इन उपायों को आजमाएँ । जीवन में बिखरी हुई चीजों को सँवारने की ओर कदम खुद बढ़ चलेंगे ।

(i) क्रोध–नियंत्रण से होने वाले लाभों के संबंध में अनुपयुक्त कथन है **1**

(a) इससे व्यक्ति स्वयं को शक्तिशाली बनाता है ।

(b) इससे व्यक्ति के जीवन में खुशहाली आती है ।

(c) इससे व्यक्ति की विस्मृतियों का विस्तार होता है ।

(d) इससे व्यक्ति की रचनात्मकता में वृद्धि होती है ।

(ii) किस तरह का क्रोध अंततः पश्चात्ताप का कारण बनता है ? **1**

(a) अत्यंत आवेग में किया गया क्रोध (b) सहज भाव से किया गया क्रोध

(c) प्रायश्चित्त भाव से किया गया क्रोध (d) आत्मघात भाव से किया गया क्रोध

(iii) मनोविश्लेषक स्टीवेन्स के अनुसार क्रोध पर काबू पाने पर सर्वोपयुक्त उपाय है **1**

(a) परिस्थितियों पर दूसरों के नियंत्रण को स्वीकार करना ।

(b) परिस्थितियों पर पूरी तरह नियंत्रण स्थापित करना ।

(c) परिस्थितियों को अपने नजरिये से और अच्छे से समझना ।

(d) परिस्थितियों को दूसरों के नजरिये से जानने का प्रयास करना ।

(iv) क्रोध आने पर क्या करना चाहिए ? **1**

(a) उसकी असहज अभिव्यक्ति

(b) उसकी सहज अभिव्यक्ति

(c) संयमित रहने का प्रयत्न

(d) घातक परिणाम का स्मरण

(v) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए । उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए : **1**

**कथन (A) –** क्रोध नवसृजन का संहारक है ।

**कारण (R) –** क्रोध अवस्था में क्षमाशीलता न्यून हो जाती है ।

(a) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं ।

(b) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) गलत है ।

(c) कथन (A) सही है तथा कारण (R) उसकी सही व्याख्या है ।

(d) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी सही व्याख्या नहीं है ।

2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इस पर आधारित प्रश्नों के लिए सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **5 × 1 = 5**

शोर से होने वाली बहरेपन की बीमारी एक गंभीर स्वास्थ्यगत समस्या है । तेज आवाज हमारी श्रवण कोशिकाओं पर बहुत दबाव डालती है, जिससे वे स्थायी रूप से चोटिल हो सकती हैं । यदि सुनने की क्षमता एकबार चली गई तो उसे पुनः पाना नामुमकिन है । विश्व स्वास्थ्य संगठन की 'वर्ल्ड हीयरिंग रिपोर्ट' के मुताबिक विश्व की 1.5 अरब आबादी बहरेपन के साथ जी रही है । ध्वनि प्रदूषण दरअसल ऐसे अवांछित विद्युत चुंबकीय संकेत है, जो इंसान को कई रूपों में नुकसान पहुँचाते हैं । इसीलिए, शोर-प्रेरित बहरेपन पर फौरन ध्यान देने की जरूरत है । वैश्विक अध्ययन बताते हैं कि निर्माण कार्य, औद्योगिक कामकाज, जहाज बनाने या मरम्मत करने संबंधी काम, अग्निशमन, नागरिक उड्डयन आदि सेवाओं में लगे श्रमिकों में शोर-प्रेरित बहरेपन का खतरा अधिक होता है । आकलन है कि 15 फीसदी नौजवान संगीत-कार्यक्रमों, खेल-आयोजनों और दैनिक कामकाज में होने वाले शोर से बहरेपन का शिकार होते हैं । शोर-प्रेरित बहरेपन की समस्या विकासशील देशों में ज्यादा है, जहाँ तीव्र औद्योगीकरण, अनौपचारिक क्षेत्र के विस्तार और सुरक्षात्मक व शोर-नियंत्रणरोधी उपायों की कमी से लोग चौतरफा शोर-शराबे में दिन बिताने को अभिशप्त हैं । हमें यह समझना ही होगा कि श्रवण-शक्ति का ह्रास न सिर्फ इंसान को प्रभावित करता है, बल्कि समाज पर भी नकारात्मक असर डालता है ।

(i) शोर-प्रेरित बहरेपन का खतरा किस क्षेत्र से जुड़ें लोगों को कम है ? **1**

(a) जहाज-निर्माण से जुड़े लोगों को (b) स्वास्थ्य-सेवाओं से जुड़े लोगों को

(c) खेल-आयोजनों से जुड़े लोगों को (d) संगीत-कार्यक्रमों से जुड़े लोगों को

(ii) गद्यांश के संदर्भ में अनुपयुक्त कथन है – **1**

(a) विकासशील देशों में अनौपचारिक क्षेत्र विस्तार की समस्या नहीं है ।

(b) विकासशील देशों में शोर-नियंत्रणरोधी उपायों पर अधिक ध्यान नहीं दिया जाता है ।

(c) कुछ सेवाओं से जुड़े लोग अन्य की तुलना में बहरेपन के अधिक शिकार हैं ।

(d) कुछ खास सेवाओं से जुड़े युवा भी आज बहरेपन का शिकार हो रहे हैं ।

(iii) विकासशील देशों के लोगों के जीवन को अभिशप्त क्यों कहा गया है ? **1**

(a) उनका जीवन अनेक सामाजिक संकटों से घिरा है ।

(b) उनका जीवन अनेक आर्थिक संकटों से घिरा है ।

(c) वे खराब सेहत वाली विवश जिंदगी बसर करते हैं ।

(d) वे शोर-शराबे से भरी जिंदगी जीने को विवश हैं ।

(iv) तीव्र आवाज़ का हमारे शरीर पर क्या प्रभाव पड़ता है ? **1**

(a) तंत्रिका-कोशिकाएँ क्षतिग्रस्त (b) श्रवण-कोशिकाएँ क्षतिग्रस्त

(c) रक्त-कोशिकाएँ क्षतिग्रस्त (d) हृदय-कोशिकाएँ क्षतिग्रस्त

(v) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए । उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए : **1**

**कथन (A) –** वर्तमान में श्रवण शक्ति का ह्रास एक सार्वजनिक समस्या बन गई है ।

**कारण (R) –** आर्थिक विकास की अनियमित होड़ इस समस्या के मूल कारणों में से एक है ।

(a) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं ।

(b) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) गलत है ।

(c) कथन (A) सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है ।

(d) कथन (A) सही है, परंतु कारण (R) कथन (A) की गलत व्याख्या करता है ।

3. 'पदबंध' पर आधारित निम्नलिखित **पाँच** प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **4 × 1 = 4**

(i) तोतों को उनकी दहकती-भूरी आँखों से भय न लगता था ।" **1**

(a) विशेषण पदबंध (b) क्रिया-विशेषण पदबंध

(c) संज्ञा पदबंध (d) सर्वनाम पदबंध

(ii) 'मोनुमेंट के नीचे ठीक चार बज़कर चौबीस मिनट पर झंडा फहराया जाएगा ।' इस वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद है – **1**

(a) संज्ञा पदबंध (b) सर्वनाम पदबंध

(c) विशेषण पदबंध (d) क्रिया-विशेषण पदबंध

(iii) "वे सिनेमा की चकाचौंध के बीच रहते हुए भी यश और धन-लिप्सा से कोसों दूर ही रहे ।" **1**

इस वाक्य में क्रिया पदबंध है –

(a) के बीच रहते हुए (b) सिनेमा की चकाचौंध

(c) धन-लिप्सा से कोसों (d) दूर ही रहे

(iv) "क्षितीश चटर्जी का फटा हुआ सिर देखकर आँख मिंच जाती थी ।" इस वाक्य में रेखांकित पदबंध है – **1**

(a) सर्वनाम पदबंध (b) संज्ञा पदबंध

(c) विशेषण पदबंध (d) क्रिया-विशेषण पदबंध

(v) 'अंग्रेजों की आँखों में धूल झोंकने वाला वह आजमगढ़ की तरफ भाग गया ।' इस वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद है – **1**

(a) संज्ञा पदबंध (b) सर्वनाम पदबंध

(c) विशेषण पदबंध (d) क्रियाविशेषण पदबंध

4. 'रचना की दृष्टि से वाक्य-भेद' पर आधारित निम्नलिखित **पाँच** प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **4 × 1 = 4**

(i) 'जब डॉक्टर साहब की ज़मानत जब्त हुई तब घर में ज़रा सन्नाटा हुआ ।' इस वाक्य का रचना के आधार पर वाक्य भेद बताइए । **1**

(a) सरल वाक्य (b) संयुक्त वाक्य

(c) मिश्र वाक्य (d) विधानवाचक वाक्य

(ii) 'सालाना इम्तिहान होने पर मैं उसमें अव्वल दरजे से पास हो गया ।" 1

इस वाक्य का मिश्र वाक्य में रूपांतरित वाक्य है –

(a) जब सालाना इम्तिहान हुआ तब मैं उसमें अव्वल दरजे से पास हो गया ।

(b) सालाना इम्तिहान हुआ और मैं उसमें अव्वल दरजे से पास हो गया ।

(c) सालाना इम्तिहान होते ही मैं उसमें अव्वल दरजे से पास हो गया ।

(d) सालाना इम्तिहान में मैं अव्वल दरजे से पास हो गया ।

(iii) निम्नलिखित वाक्यों में उपयुक्त कथन है – 1

(a) सरल वाक्य में एक उद्‌देश्य और एक ही विधेय होता है ।

(b) सरल वाक्य में एक से अधिक उद्‌देश्य और विधेय होते हैं ।

(c) संयुक्त वाक्य में एक ही वाक्य संयोजक द्वारा जुड़े रहते हैं ।

(d) संयुक्त वाक्य में संयोजक द्वारा जुड़े वाक्य परस्पर आश्रित होते हैं ।

(iv) निम्नलिखित वाक्यों में सरल वाक्य नहीं है – 1

(a) इतने बादशाहों के नाम याद रखना आसान काम नहीं है ।

(b) उनकी ऐसी हालत देखकर मुझे उन पर दया आती थी ।

(c) न जाने कैसे मैं अपने दरजे में अव्वल आ गया ।

(d) हालाँकि मैं पास हो गया फिर भी मेरा तिरस्कार हुआ ।

(v) 'मेरे बहुत प्रयत्न करने पर भी उस पहेली का हल मुझे नहीं मिला ।' 1

रचना की दृष्टि से यह वाक्य कैसा वाक्य है ?

(a) मिश्र वाक्य (b) सरल वाक्य

(c) संयुक्त वाक्य (d) सामान्य वाक्य

5. 'समास' पर आधारित निम्नलिखित **पाँच** प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **4 × 1 = 4**

(i) 'सुखदुख' शब्द किस समास का उदाहरण है ? **1**

(a) द्वंद्व समास (b) तत्पुरुष समास

(c) बहुव्रीहि समास (d) अव्ययीभाव समास

(ii) 'रक्तकमल' शब्द में समास है **1**

(a) अव्ययीभाव समास (b) कर्मधारय समास

(c) द्वंद्व समास (d) बहुव्रीहि समास

(iii) निम्नलिखित में 'जलद-यान' का उपयुक्त समान-विग्रह कौन-सा है ? **1**

(a) जलद और यान (b) जलद रूपी यान

(c) जलद सम यान (d) जलद अथवा यान

(iv) निम्नलिखित शब्दों में बहुव्रीहि समास का सही उदाहरण कौन-सा है ? **1**

(a) पृष्ठभूमि (b) दृगसुमन

(c) दशानन (d) आत्मत्राण

(v) 'युगवाणी' समस्त पद का सही समास-विग्रह और भेद किस विकल्प में है ? **1**

(a) युग रूपी वाणी – कर्मधारय समास (b) युग और वाणी – कर्मधारय समास

(c) युग की वाणी – तत्पुरुष समास (d) युग समान वाणी – तत्पुरुष समास

6. 'मुहावरों' पर आधारित निम्नलिखित **छह** प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **4 × 1 = 4**

(i) 'चक्कर खाना' मुहावरे का उपयुक्त अर्थ है – **1**

(a) बेहोश होना (b) गोल घूमना

(c) भ्रमित होना (d) भ्रमण करना

(ii) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए : 1

| | | | |
|---|---|---|---|
| (I) | सजग रहना | – | जागरूक होना |
| (II) | रंग दिखाना | – | प्रभाव दिखाना |
| (III) | दिमाग होना | – | बुद्धिमान होना |
| (IV) | खून जलाना | – | तिरस्कार करना |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-से युग्म सही सुमेलित हैं ?

(a) (I) और (II) (b) (III) और (IV)

(c) (I) और (III) (d) (II) और (IV)

(iii) 'बहुत खुश होना' – अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा कौन-सा है ? 1

(a) हाथ-पाँव फूल जाना (b) फूलकर कुप्पा हो जाना

(c) सातवें आसमान पर होना (d) फूटी आँख न सुहाना

(iv) 'बड़े भाई साहब ऐसी-ऐसी लगती बातें कहते कि मेरी ________ जाती ।' 1

रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए ।

(a) तूती बोलना (b) खून खौलना

(c) हिम्मत टूटना (d) दिल पसीजना

(v) "दबदबा होना" – अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा लिखिए : 1

(a) हेकड़ी जताना (b) खाल खींचना

(c) चमड़ी उधेड़ना (d) तूती बोलना

(vi) 'कक्षा में प्रथम स्थान पाने के लिए उसने ________ दिया ।' 1

रिक्त स्थान की पूर्ति निम्नलिखित में से उपयुक्त मुहावरे से कीजिए :

(a) नाकों चने चबाना (b) अपना रंग दिखाना

(c) ओखली में सिर देना (d) रात-दिन एक करना

7. निम्नलिखित पठित काव्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए : $5 \times 1 = 5$

साँस थमती गई, नब्ज़ जमती गई
फिर भी बढ़ते कदम को न रुकने दिया
कट गए सर हमारे तो कुछ गम नहीं
सर हिमालय का हमने न झुकने दिया
मरते-मरते रहा बाँकपन साथियो
अब तुम्हारे हवाले वतन साथियो

(i) 'साँस थमती गई, नब्ज़ जमती गई' पंक्ति के संदर्भ में सैनिक की विशेषता को दर्शाने वाला सही विकल्प है – 1

(a) दृढ़ता और कर्तव्य परायणता
(b) साहस और निडरता
(c) वीरता और निडरता
(d) उदारता और भावुकता

(ii) 'हिमालय' किसका प्रतीक है ? 1

(a) पर्वतों के राजा का
(b) पर्वत शृंखला का
(c) युद्ध के स्थल का
(d) देश के मान का

(iii) 'कट गए सर हमारे तो कुछ गम नहीं' में 'हमारे' शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है ? 1

(a) देश की रक्षा हेतु कुर्बान होते सैनिकों के लिए
(b) देश की रक्षा हेतु घायल होते सैनिकों के लिए
(c) देश की सीमाओं पर पहरा देते सैनिकों के लिए
(d) देश के पर्वतीय हिस्सों में तैनात सैनिकों के लिए

(iv) निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए : 1

(क) सैनिक घायल अवस्था में भी अपने कर्त्तव्य का निर्वाह करने से पीछे नहीं हटते ।
(ख) सैनिक युद्ध के लिए जाते समय अपने सभी उत्तरदायित्व किसी और को सौंप जाते हैं ।
(ग) सैनिक देश और देशवासियों की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की बाजी लगा देते हैं ।
(घ) सभी सैनिक मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत होने के कारण ही अहंकारी होते हैं ।

उपर्युक्त कथनों के लिए काव्यांश से मेल खाते हुए उचित विकल्प चुनकर लिखिए :

(a) (क) और (ख)
(b) (क) और (ग)
(c) (क), (ख) और (ग)
(d) (क), (ग) और (घ)

(v) काव्यांश में देशवासियों से क्या अपेक्षा की गई है ? 1

(a) देश के विकास की
(b) देश के विस्तार की
(c) देश की रक्षा की
(d) देश की संपन्नता की

8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प चुनकर लिखिए : $2 \times 1 = 2$

(i) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए । उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए । 1

**कथन (A) –** तोप अत्याचारी सत्ता का प्रतीक है ।

**कारण (R) –** तोप जैसी वस्तुओं को सजाकर रखना चाहिए ।

(a) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं ।

(b) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं ।

(c) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) गलत है ।

(d) कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है ।

(ii) 'आत्मत्राण' कविता में कवि अपने व्यथित चित्त के लिए ईश्वर से क्या माँगता है ? 1

(a) दुख का सामना करने हेतु सामर्थ्य
(b) दुख का सामना करने हेतु सांत्वना
(c) दुख का सामना करने हेतु करुणा
(d) दुख का सामना करने हेतु वंचना

9. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए : $5 \times 1 = 5$

सदियों पूर्व, जब लिटिल अंदमान और कार-निकोबार आपस में जुड़े हुए थे तब वहाँ एक सुंदर सा गाँव था । पास में एक सुंदर और शक्तिशाली युवक रहा करता था । उसका नाम था तताँरा । निकोबारी उसे बेहद प्रेम करते थे । तताँरा एक नेक और मददगार व्यक्ति था । सदैव दूसरों की सहायता के लिए तत्पर रहता । अपने गाँववालों को ही नहीं, अपितु समूचे द्वीपवासियों की सेवा करना अपना परम कर्तव्य समझता था । उसके इस त्याग की वजह से वह चर्चित था । सभी उसका आदर करते । वक्त मुसीबत में उसे स्मरण करते और वह भागा-भागा वहाँ पहुँच जाता । दूसरे गाँवों में भी पर्व-त्योहारों के समय उसे विशेष रूप से आमंत्रित किया जाता । उसका व्यक्तित्व तो आकर्षक था ही, साथ ही आत्मीय स्वभाव की वजह से लोग उसके करीब रहना चाहते । पारंपरिक पोशाक के साथ वह अपनी कमर में सदैव एक लकड़ी की तलवार बाँधे रहता । लोगों का मत था, बावजूद लकड़ी की होने पर, उस तलवार में अद्‌भुत दैवीय शक्ति थी । तताँरा अपनी तलवार को कभी अलग न होने देता । उसका दूसरों के सामने उपयोग भी न करता । किंतु उसके चर्चित साहसिक कारनामों के कारण लोग-बाग तलवार में अद्‌भुत शक्ति का होना मानते थे । तताँरा की तलवार एक विलक्षण रहस्य थी ।

(i) गाँव के लोग तताँरा को क्यों पसंद करते थे ? 1

(a) वह सुंदर और शक्तिशाली था ।
(b) वह नेक और मददगार व्यक्ति था ।
(c) वह बेहद शांत और सभ्य व्यक्ति था ।
(d) वह सुंदर, बलिष्ठ और भोला व्यक्ति था ।

(ii) दूसरे गाँव के लोग भी पर्व–त्योहारों के समय तताँरा को क्यों आमंत्रित करते थे ? 1

(a) उसके आकर्षक व्यक्तित्व के कारण (b) उसके साहसिक कारनामों के कारण

(c) उसके त्याग और सेवाभाव के कारण (d) उसकी विलक्षण तलवार के कारण

(iii) तताँरा की तलवार लोगों के बीच एक विलक्षण रहस्य क्यों थी ? 1

(a) क्योंकि तताँरा उसे कभी अपने से अलग नहीं करता था।

(b) क्योंकि तताँरा की तलवार लकड़ी की बनी हुई थी।

(c) क्योंकि तताँरा उसका प्रयोग दूसरों के सामने नहीं करता था।

(d) क्योंकि तताँरा अकेले ही अद्‌भुत, साहसिक कारनामें किया करता था।

(iv) पारंपरिक पोशाक से क्या अभिप्राय है ? 1

(a) गाँव के सभी लोगों द्‌वारा पहने जाने वाली पोशाक

(b) गाँव के युवाओं द्‌वारा पहने जाने वाली पोशाक

(c) वो पोशाक जो किसी प्रदेश विशेष में सदियों से पहनी जाती हो।

(d) वो पोशाक जो किसी विशेष अवसर पर पहनी जाती हो।

(v) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए : 1

**कथन (A) :** तताँरा समूचे द्वीपवासियों की सेवा करना अपना परम कर्तव्य समझता था।

**कारण (R) :** वह एक सुंदर और शक्तिशाली युवक था।

(a) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

(b) कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है।

(c) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(d) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

10. पठित गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए : **2 × 1 = 2**

(i) वर्तमान समाज में मौजूद शाश्वत मूल्य किसकी देन हैं ? (गिन्नी का सोना) **1**

(a) व्यवहारवादी व्यक्तियों की (b) आदर्शवादी व्यक्तियों की

(c) प्रैक्टिकल आइडियालिस्टों की (d) स्वतंत्रता सेनानियों की

(ii) उत्कृष्ट होते हुए भी 'तीसरी कसम' फिल्म सिनेमाघरों में क्यों नहीं चली ? **1**

(a) फिल्म की संवेदना का प्रचार न होने के कारण

(b) अच्छे गीतों के अभाव के कारण

(c) फिल्म में कमजोर अभिनय के कारण

(d) फिल्म की कमजोर पटकथा के कारण

## खंड – ब

## (वर्णनात्मक प्रश्न)

11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **60** शब्दों में लिखिए : **2 × 3 = 6**

(क) बढ़ती हुई आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए किए गए मानवीय क्रियाकलापों ने प्रकृति को नकारात्मक रूप में प्रभावित कर उसे असंतुलित किया है । प्रकृति के इस असंतुलन का मानवीय जीवन पर क्या प्रभाव पड़ा है ? 'अब कहाँ दूसरे के दुख से दुखी होने वाले' पाठ के संदर्भ में लिखिए ।

(ख) 'तताँरा-वामीरो कथा' के अनुसार गाँव वाले तताँरा के सदाचारी व्यक्तित्व से परिचित और प्रभावित थे फिर भी वामीरो के मामले में उन्होंने उसका साथ क्यों नहीं दिया ?

(ग) 'बड़े भाई साहब' कहानी में आपने पढ़ा कि छोटा भाई कक्षा में अव्वल दर्जे से पास हो रहा था और बड़े भाई साहब असफल, फिर भी वह बड़े भाई की नज़रों से बचकर अपने खेल संबंधी शौक पूरे करता था । इसके पीछे क्या कारण रहे होंगे ?

12. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **60** शब्दों में दीजिए : **2 × 3 = 6**

(क) 'मीराबाई' रचित 'द्वितीय पद' के अनुसार अपने आराध्य को पाने के लिए मीरा क्या-क्या करना चाहती हैं और क्यों ?

(ख) 'मनुष्यता' कविता में कवि ने कैसे जीवन को व्यर्थ बताया है, और क्यों ?

(ग) 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता के आधार पर लिखिए कि कवि को ऐसा क्यों लगता है कि जैसे अचानक पर्वत पंख लगाकर उड़ गया हो ?

13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **60** शब्दों में दीजिए : **2 × 3 = 6**

(क) "हरिहर काका कहानी पारिवारिक जीवन में घर कर चुकी स्वार्थपरता और हिंसा-प्रवृत्ति को बेनकाब करती है ।" तर्कसंगत उत्तर दीजिए ।

(ख) "वर्तमान में विद्यालयों में बढ़ती हुई अनुशासनहीनता को देखते हुए मास्टर प्रीतमचंद जैसे अध्यापकों की आवश्यकता है ।" इस कथन से सहमति या असहमति के संबंध में अपने तर्कसम्मत विचार लिखिए ।

(ग) टोपी शुक्ला अपनी दादी को नापसंद क्यों करता था ? पाठ के आधार पर लिखिए ।

14. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग **100** शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : **1 × 5 = 5**

(क) स्वदेशी अपनाओ

**संकेत बिंदु** : क्या, आवश्यकता क्यों ?, देश की अर्थव्यवस्था पर इसका प्रभाव, सुझाव

(ख) सोशल मीडिया का मायाजाल और युवा

**संकेत बिंदु** : सोशल मीडिया क्या ?, युवाओं पर प्रभाव, मायाजाल कैसे, बचाव हेतु सुझाव

(ग) लड़का-लड़की एकसमान

**संकेत बिंदु** : इस सोच की आवश्यकता क्यों ? लड़कियों को बढ़ावा कैसे ? देश-समाज पर प्रभाव, सुझाव

15. (क) आप अर्णव/अरनी हैं और क.ख.ग. नगर के/की निवासी हैं । आपके क्षेत्र के बाज़ारों में प्रतिबंधित होने के बावजूद प्लास्टिक थैलियों का उपयोग धड़ल्ले से हो रहा है । इस समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए नगर निगम अधिकारी को लगभग **100** शब्दों में एक पत्र लिखिए । **1 × 5 = 5**

**अथवा**

(ख) आप भुवन गुलेरिया/भावना गुलेरिया हैं और अ.ब.स. नगर में रहते/रहती हैं । आपके क्षेत्र के पार्क को लोगों ने सार्वजनिक धरना-प्रदर्शन का केन्द्र बना दिया है जिससे वहाँ के निवासियों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है । इस समस्या की ओर संबंधित अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करने के लिए 'जागरूक' समाचार-पत्र, मुंबई के संपादक को लगभग **100** शब्दों में एक पत्र लिखिए ।

16. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग **80** शब्दों में सूचना लिखिए : **1 × 4 = 4**

(क) आप मोहन चटर्जी/मोहिनी चटर्जी हैं और सर्व शिक्षा विद्यालय के विद्यार्थी परिषद् के/की अध्यक्ष/अध्यक्षा हैं । अपने विद्यालय में आयोजित होने वाली साइबर-सुरक्षा कार्यशाला संबंधी जानकारी विद्यार्थियों तक पहुँचाने के लिए एक सूचना तैयार कीजिए ।

**अथवा**

(ख) आप निवासी कल्याण संघ के/की सचिव अरुण पटनायक/अरुणा पटनायक हैं । आपकी सोसायटी में शास्त्रीय नृत्य-संगीत की कक्षाएँ शुरू होने वाली हैं । इन कक्षाओं में भाग लेने के इच्छुक लोगों के लिए एक सूचना तैयार कीजिए ।

17. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग **60** शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए : **1 × 3 = 3**

(क) डेंगू – मलेरिया के प्रकोप से बचाव हेतु लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए ।

**अथवा**

(ख) सोलर पंखे बनाने वाली संस्था सूर्य-शक्ति के प्रचार-प्रसार के लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए ।

18. (क) 'जहाँ चाह, वहाँ राह' शीर्षक पर लगभग **100** शब्दों में एक लघुकथा लिखिए । **1 × 5 = 5**

**अथवा**

(ख) आप धनुष सांगवान/धनुश्री सांगवान हैं । आपने ऑनलाइन लैपटॉप खरीदा है परंतु खरीदने के एक महीने के भीतर ही उसमें खराबी आ गई है । इस बात की जानकारी देते हुए तथा उत्पाद (लैपटॉप) को बदलने का आग्रह करते हुए कंपनी के ई-मेल पते पर ई-मेल लिखिए ।